कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 335, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 04 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## देश में 31 दिसंबर तक चीनी का उत्पादन 111.80 लाख टनः इस्मा

**नई दिल्ली**

देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में चीनी मीलों में गन्ना की पेराई ने रफ्तार पकड़ ली है। हालांकि, पिछले चीनी विपणन वर्ष की तुलना में चीनी उत्पादन अभी भी कम है। चालू चीनी विपणन वर्ष में 31 दिसंबर, 2023 तक चीनी का उत्पादन 111.80 लाख टन रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 121.20 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 31 दिसंबर, 2023 तक चीनी का उत्पादन 111.80 लाख टन रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 121.20 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस्मा के मुताबिक इस वर्ष चालू चीनी मिलों की संख्या 512 है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 509 चीनी मिलें संचालित थीं। इस्मा के मुताबिक विशेष रूप से इस वर्ष महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी मिलें पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10-15 दिन बाद शुरू हुई हैं, जबकि कटाई की प्रारंभिक गति नवंबर के मध्य तक धीमी रही। हालांकि, इस समय देशभर में चीनी मिलों में पेराई जोरों पर है। गौरतलब है कि इस्मा ने चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में कुल 325 लाख टन चीनी का उत्पादन (इथेनॉल के लिए उपयोग के बिना) होने की उम्मीद जताई है।

## गुजरात में बिजली के बुनियादी ढांचे के विस्तार पर खर्च होंगे 25 हजार करोड़

**नई दिल्ली**

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) और बिजली क्षेत्र के अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) ने बुधवार को गांधीनगर में गुजरात सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक दीर्घकालिक उधार और अन्य महत्वपूर्ण धन आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकेगी।

# 'देश में मोदी की गारंटी की गूंज सुनाई दे रही'

## नारी शक्ति 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में मोदी की** गारंटी को लेकर छिड़ी बहस का जिक्र करते हुए कहा कि देश की नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के वादे पूरे कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को केरल के त्रिशूर में स्त्री शक्ति मोदिक्कोप्पम (मोदी के साथ महिला शक्ति) महिला संगमम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस, वाम दलों पर संसद और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण की मांग को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से आजादी की गारंटी दी और उसे ईमानदारी से पूरा किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से आजादी के बाद लेफ्ट, कांग्रेस की सरकारों ने, एलडीएफ, यूडीएफ की सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना। लेफ्ट और कांग्रेस की सरकारों ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने वाले कानून को वर्षों तक लटकाए रखा। मोदी ने आप सभी बहनों को आपका हक देने की गारंटी दी थी और उस गारंटी को पूरा करके दिखाया। 'नारीशक्ति वंदन अधिनियम' अब कानून बन चुका है। उन्होंने कहा कि केरल में लंबे समय तक लेफ्ट और कांग्रेस सत्ता और विपक्ष का ढोंग रचते रहे हैं जबकि ये हमेशा से एक ही थे। ये सिर्फ नाम के लिए दो पार्टियां हैं। केरल में करप्शन हो, क्राइम हो या परिवारवाद, ये दोनों सब कुछ मिलकर करते हैं।

अब इंडी अलायंस बनाकर इन्होंने घोषणा कर दी है कि इनकी विचारधारा और नीतियों में कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल जानता है कि अगर कोई पार्टी है, जो उसके विकास को गति दे सकती है तो वह भाजपा है, कोई वामपंथी पार्टी या गठबंधन नहीं। भाजपा केरल में इंडी गठबंधन को हरा देगी!



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने कहा, 'लक्षद्वीप में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत करना खुशी की बात थी। महिलाओं के एक समूह ने इस बारे में बात की कि कैसे उनके एसएचजी ने एक रेस्तरां शुरू करने की दिशा में काम किया। इसी प्रकार से एक बुजुर्ग शख्स ने साझा किया कि कैसे आयुष्मान भारत ने दिल की बीमारी के इलाज में मदद की और पीएम-किसान के कारण एक महिला किसान का जीवन बदल गया।'

## 'भारत गतिशील विकास के साथ आगे बढ़ रहा'



**पीएम ने** कहा कि भारत गतिशील विकास के साथ आगे बढ़ रहा है लेकिन केवल मोदी के प्रति उनकी नफरत के कारण इंडी गठबंधन केरल के विकास और प्रगति में बाधा बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सौभाग्य से मैं भगवान शिव की काशी का सांसद हूं और यहां वडक्कुनाथन मंदिर में भगवान शिव स्वयं विराजमान हैं। जैसा कि हम इस मैदान पर एकत्र हुए हैं, त्रिशूर पूरम उत्सव की खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि आज रानी वेलु नचियार की जयंती है और साथ ही सावित्रीबाई फुले की भी जयंती है। 'नारी शक्ति' की शक्ति इन दोनों के व्यक्तित्व में झलकती है। उन्होंने कहा, आज कल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है लेकिन मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं। मोदी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के लिए चार जातियां सर्वोपरि हैं। जब देश के गरीब, युवा, किसान और महिलाओं का विकास होगा तभी देश का विकास होगा। इसलिए भाजपा सरकार की योजनाओं का बड़ा लाभ इन चार जातियों को सबसे ज्यादा मिला है। उन्होंने कहा कि हम नारीशक्ति को एक सशक्त फोर्स बनाना चाहते हैं, इसलिए आने वाले समय में हमारी माताओं, बहनों, बेटियों के लिए अवसर ही अवसर आने वाले हैं। जब केरल की नर्सें इराक में फंसी थीं तो ये भाजपा सरकार थी, जो उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर केरल वापस लाई। कल्पना कीजिए, अगर दिल्ली में लेफ्ट-कांग्रेस की कमजोर सरकार होती तो हमारी इन बेटियों का क्या होता?

## दुनिया में संकट चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, हर भारतीय की सुरक्षा की जाएगी: मोदी



मोदी की गारंटी है कि दुनिया में संकट चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, हर भारतीय की सुरक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्रिशूर पूरम के साथ जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सबरीमाला में भी जिस प्रकार की अव्यवस्था सामने आई है, उससे श्रद्धालुओं को बहुत असुविधा हुई है। ये यहां की राज्य सरकार की अक्षमता का प्रमाण है।

**विपक्ष** पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना हैं। उन्होंने महिला आरक्षण को लंबे समय तक रोक कर रखा था। लेकिन मोदी ने आपको आपका हक दिलाने की गारंटी दी थी, जिसे पूरा कर लिया हैं। जब देश में कांग्रेस और वाम दल का गठबंधन था, उस समय मुस्लिम बहनें तीन तलाक के कारण परेशान थीं। लेकिन मोदी ने इससे आजादी दिलाने की गारंटी दी और उसे ईमानदारी से पूरा किया है।

**केंद्र की योजनाओं पर विपक्ष डाल रहा रोड़ा- पीएम मोदी**

केरल में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश में बड़ी-बड़ी सड़कें बन रही हैं। देश में आधुनिक हवाई अड्डे बन रहे हैं, लेकिन 'इंडी' गठबंधन की सरकार यहां कोई काम नहीं होने देती, क्योंकि वे मोदी का विरोध करते हैं।

## एलजी ने दिल्ली सरकार के दो अफसरों के खिलाफ सीबीआई जांच को दी मंजूरी

**नई दिल्ली**

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार में हुए एक और घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। केन्द्रीय एजेंसी अब दिल्ली सरकार के वन और वन्य जीव विभाग के दो अधिकारियों के खिलाफ 223 करोड़ रुपए के कथित एफडी घोटाले की जांच करेगी। अक्टूबर 2022 में यह मामला संज्ञान में आया था। तब इसकी सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी। सीबीआई ने विभाग द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा में सावधि जमा के रूप में 223 करोड़ रुपए के निवेश में कथित जालसाजी और धोखाधड़ी की जांच के लिए मामला दर्ज किया था। जानकारी के अनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा के सीनियर ब्रांच मैनेजर एल ए खान समेत वन एवं वन्य जीव विभाग के अज्ञात अफसर और बैंक ऑफ बड़ौदा में अज्ञात अफसर के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 409, 420, 467, 468, 471 आदि धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। दिल्ली सरकार के वन और वन्य जीव विभाग की तरफ से बैंक ऑफ बड़ौदा की पहाड़गंज ब्रांच को 223 करोड़ रुपए का सरप्लस फंड रिलीज मैनेजमेंट बोर्ड फंड के नाम पर एफडीआई में इन्वेस्ट के लिए जारी किया। बैंक के सीनियर ब्रांच मैनेजर एल ए खान ने 223 करोड़ रुपए बैंक ऑफ बड़ोदा पहाड़गंज की ब्रांच में दिल्ली अर्बन सेंटर इंप्रूवमेंट बोर्ड के नाम पर खुले खाते में ट्रांसफर किया, जो की एक फर्जी अकाउंट था। जानकारी को जब वेरीफाई किया गया तो ट्रांसफर का पता चला। बैंक ऑफ बड़ोदा के सीनियर बैंक मैनेजर एल ए खान ने वन एवं वन्य जीव विभाग के अज्ञात अफसर के साथ मिलकर गलत तरीके से फर्जी लेटर के सहारे 223 करोड़ रुपए दिल्ली अर्बन सेंटर इंप्रूवमेंट बोर्ड के अकाउंट में ट्रांसफर किए।



## श्रमजीवी विस्फोट कांडः दो आतंकियों को हुई मृत्युदंड की सजा

**जौनपुर**

**उत्तर प्रदेश के** सिंगरामऊ के हरपालगंज रेलवे स्टेशन के समीप हरिहरपुर क्रासिंग के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में 28 जुलाई 2005 को हुए बम विस्फोट के मामले के बुधवार को दोपहर बाद 4.15 बजे अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार राय ने दोनों दोषी आतंकी बांग्लादेश निवासी हिलालुद्दीन उर्फ हिलाल व बंगाल निवासी नफीकुल विश्वास को मृत्युदंड की सजा सुनाया। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में जुमार्ना भी लगाया। इस दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी दोषियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जिला जेल ले जाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में मंगलवार को सजा के बिंदु पर बहस हुई थी।



**22 दिसंबर को दोनों हुए थे दोषी करार**

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने सजा सुनाने के लिए बुधवार की तिथि नियत की थी। दोनों आतंकियों को 22 दिसंबर को दोषी करार दिया गया था। बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में बम विस्फोट के मामले में सजा सुनाए जाने के लिए दोषी करार दिए गए आतंकी बांग्लादेश निवासी हिलालुद्दीन उर्फ हिलाल व बंगाल निवासी नफीकुल विश्वास को कड़ी सुरक्षा में दोपहर बाद तीन बजकर 15 मिनट पर पेश किया गया। इसके बाद सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हुई। 4 बजकर 15 मिनट पर न्यायाधीश ने दोनों को मृत्युदंड व जुर्माना का फैसला सुनाया।

## टेस्ट : भारत की पहली पारी 153 रनों पर सिमटी, पहली पारी के आधार पर 98 रनों की मिली बढ़त



**केप टाउन**

लुंगी एनगिडी और कागिसो रबाडा की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन भारत की पहली पारी 153 रनों पर समेट दी। इन दोनों गेंदबाजों ने भारत के आखिरी 6 विकेट बिना कोई रन दिये झटक लिये। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में केवल 55 रन बनाए थे। भारत ने पहली पारी के आधार पर 98 रन की बढ़त हासिल की है। इसी के साथ अभी तक आज के खेल में 20 विकेट गिर चुके हैं।

दूसरी पारी में भारत की शुरूआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल 17 के कुल स्कोर पर बिना खाता खोले कागिसो रबाडा की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। 72 के कुल स्कोर पर नांद्रे बर्गर ने रोहित शर्मा को चलता किया। रोहित ने 39 रन बनाए। इसके बाद 105 के कुल स्कोर पर शुभमन गिल 36 रन बनाकर बर्गर का दूसरा शिकार बने। श्रेयस अय्यर बिना खाता खोले बर्गर का तीसरा शिकार बने। इसके बाद केएल राहुल और विराट कोहली ने पांचवे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 153 के कुल स्कोर पर राहुल 8 रन बनाकर एनगिडी के शिकार बने। यहां से एनगिडी और कागिसो रबाडा ने भारतीय पारी को ताश के पत्तों की तरह ढहा दिया और पूरी टीम 153 के स्कोर पर ही सिमट गई। भारत के 6 बल्लेबाजों ने खाता भी नहीं खोला।



## न्यूज झरोखा

### आज आयेंगी केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, मां नायर देवी धाम हीरागंज बाजार में नव निर्मित नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय का करेंगी भूमिपूजन

**जन सभा को सम्बोधित करेंगी**

**कुण्डा प्रतापगढ़।** कौशाम्बी सांसद , संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति विनोद सोनकर के प्रयास से केन्द्र सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री गुरुवार को मां नायर देवी धाम सुबह 11 बजे हीरागंज बाजार आ रही है। सांसद विनोद सोनकर की पत्नी संगीता सोनकर के द्वारा आयोजित 11 हजार सुहागिन महिलाओं के साथ दुर्दरैया कार्यक्रम में मां औसान देवी का पूजन करेंगी। इसके बाद दो करोड़ की लागत से बनने वाले नव सृजित नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करने के बाद विशाल जन सभा को सम्बोधित करेंगी। सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बीते एक सप्ताह से कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही थी। तैयारी पूर्ण हो चुकी है। गुरुवार को इस विशाल मैदान में जन सभा को सम्बोधित करेंगी।

### मेजा में महापौर का जोरदार स्वागत




**मेजा।** बुधवार को प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि सभी राम भक्त 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को उत्साह पूर्वक मनाएं।कीर्तन करें और दीपावली की तरह दिए जलाएं। महापौर का कोरांव महोत्सव में शिरकत करने जाते समय मेजा तहसील के मेजा खास बाजार के पंकज सहित व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर कोरांव चेयरमैन ओमप्रकाश केशरी,पंकज मोदनवाल,अमित यादव,लालजी मिश्र,राहुल मिश्र,सुधीर मोदनवाल और तौलन सिंह सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### अपोजिट अक्षत और निमंत्रण पत्र लेकर घर-घर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता - संजय केसरी



**सिरसा** प्रयागराज मेजा क्षेत्र उरुवा ब्लाक में भगवान श्री राम मंदिर के प्रमाण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक व अद्भुत बहुत बनाने के लिए देश घर घर पूजित अक्षत वितरण का शुभारंभ किया गया। भाजपा कार्यकताओं के साथ संजय केशरी (मण्डल अध्यक्ष) के साथ अक्षत का वितरण करते हुए अक्षत की थैली के साथ निवेदन पत्र दिया इस दौरान उन्होंने 22 जनवरी को अपने आसपास के मठ मंदिरों में उत्सव भजन कीर्तन हनुमान चालीसा सुंदर पाठ आरती का प्रसाद वितरण करने का लोगों को आह्वान किया। अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे हैं आमंत्रण पत्रक के जरिए मंदिर निर्माण की भव्यता वह स्वरूप से भी भक्तों को अवगत कराया गया। पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई।पत्रक में बताया गया की 32 सीढ़िया चढ़कर भक्तों को रामलाल के दर्शन प्राप्ति होगी। मंदिर में बनने वाले अन्य प्रकल्पों मंदिरों की भी जानकारी दी गई। मण्डल अध्यक्ष संजय केशरी के नेतृत में रामभक्तों कार्यकताओं ने अपने-अपने नगरों और गांवों में हाथो में भगवा ध्वज लेकर घर-घर भाजपा कार्यकताओं के साथ "रामलला हम आएंगे दर्शन तेरे पाएंगे सौगंध राम की कहते हैं घर-घर अक्षत पहुंचाएंगे" आदि उद्घोष करते हुए अक्षत पूजित वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर लाल केशरी (पूर्व प्रदेश परिषद सदस्य), सुधाकर पांडेय, उमा शंकर तिवारी, कुलदीप मिश्रा (मण्डल महामंत्री) जय कुमार गुप्ता,आनन्द मिश्रा, रोहित पांडेय,डॉ अजय राय, शांति गौड़, पवन सिंह, रमेश सिंह व भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए।

### जमीनी विवाद को लेकर घर मे घुस कर मार पीट, तोड फोड़

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के छाता गांव में जमीनी विवाद को लेकर पडोसी एक राय होकर घर में घुस कर दम्पत्ति व उसकी पुत्री और बेटी को पीटे तथा तोड फोड किए। पुलिस ने चार नामजद चार अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के छाता गांव निवासी महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र ज्ञान सिंह का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसे और उसकी पत्नी व पुत्री को लाठी डंडो से मारे जब जान बचा कर घर में घुस गए तो घर में घुस कर पीटे तथा गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर दिए। महेंद्र प्रताप सिंह ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर सुरेंद्र प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, देवराज सिंह तथा चार अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### चंदौहा गांव में आयोजित हुई दौड़ प्रतियोगिता विजेता हुए पुरस्कृत

**सहसों।** आयोजक मंडल के अतुल कुमार, रोहित कुमार,मनीष कुमार व रवि कुमार द्वारा दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें 2500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में झूसी के करन कुमार निषाद प्रथम, बजहा के सत्य प्रकाश द्वितीय तथा सैदाबाद के अर्पित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में वाराणसी के अभिषेक प्रथम, पहाड़पुर के अनुज सिंह द्वितीय तथा बगई खुर्द के शिवेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह व जिला पंचायत सदस्य मनीष पासी ने ट्रॉफी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तथा वे आगे बढ़कर अपने गांव जनपद का नाम रोशन करते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू, ग्राम प्रधान बच्चा यादव, दीपक वर्मा, प्रिंस ओझा आदि उपस्थित रहे।

### ठेकेदार की लापरवाही से धान खरीद हुई बंद

**मांडा।** पिछले सप्ताह से ही मांडा ब्लाक के कोसड़ा कला क्रयकेंद्र पर खरीद बंद होने के चलते किसानों की मुश्किले बढ़ गयी है। गौरतलब हो कि मामला कोसड़ा कला विकास खण्ड मांडा क्षेत्र के स्थित क्रय केंद्र का है। जहां पर धान की बोरियों का स्टाक इतना बढ़ गया है कि किसानों की खरीदारी कर धान रखने की जगह ही नही बची है। जिसके चलते विभाग द्वारा किसानों की धान खरीद करना विभाग के लिए मुश्किल हो गया है। क्रय केंद्र प्रभारी ने बताया कि विभाग द्वारा ठेकेदार को कई बार सूचना देने के बाद भी कार्यशैली में कोई परिवर्तन नही हो रहा है। जनपद के अधिकारियों को भी ठेकेदार के इस रवैए की जानकारी दे दी गई है। ऐसे में ये एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि किसानों को हो रही परेशानी के लिए कौन जिम्मेदार है। जबकि शासन द्वारा ब्लाक में केवल दो ही क्रय केंद्र धान खरीद के लिए बनाए गए हैं। ऐसे में ठेकेदारों की मनमानी के चलते किसान दर - दर ठोकर खाने को मजबूर हो रहे हैं। जबकि अन्य विकास खण्ड में धान खरीद के दर्जनों क्रय केंद्र बनाए गए हैं। क्रय केंद्र की रवैए से परेशान किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

### हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद एचपीसीएल जबरन बना रहा है पेट्रोल पंप

**कौंधियारा।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर एक पेट्रोल पंप के ठीक बगल में काश्तकारों की जमीन है, जिसमें पेट्रोल पंप मालिक उन जमीन वालों के सामने हाईवे पर जबरन रोड बना रहे हैं। जबकि नेशनल हाईवे की रोड एवं उसके बगल में दो फिट चौड़ी नाली बनी हुई है। नाली के बाद काश्तकारों की जमीन है। काश्तकार श्रीपति त्रिपाठी, विष्णु गुप्ता, विवेक जायसवाल, त्रिलोकी गुप्ता आदि वहीं पर प्लाट लिए हैं, उनके प्लाट के सामने पेट्रोल पंप मालिक ऋषि जायसवाल निवासी व्योहरा करछना प्रयागराज, रोड के बगल में नाली के बाद सर्विस लेन के नाम पर नाम पर अठारह फीट चौड़ी रोड बना रहे हैं। जिससे हाईवे के बगल उनके सामने वाले जो प्लाट है वह किसी काम के लायक नहीं बचेंगे। इस संबंध में श्रीपति त्रिपाठी आदि ने तहसील बारा में एसडीएम बारा एवं तहसीलदार बारा से कई बार लिखित शिकायत किया, पर आज तक कोई कार्यवाही न होने के बाद वह जिलाधिकारी प्रयागराज से एवं पुलिस प्रशासन से दर्जनों बार शिकायत कर चुके हैं। मौके पर लेखपाल, कानूनगो एवं पुलिस चौकी जारी तथा थाना कौंधियारा पुलिस कई बार मामले को निस्तारण करने आए, लेकिन मजे की बात यह है कि आज तक कोई निस्तारण नहीं हो पाया। भुक्तभोगियों ने आरोपित किया है कि पेट्रोल पंप मालिक पैसे के दम पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से जबरन रोड बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस पर जिनके प्लाट है वह बेचारे हर जगह दौड रहे हैं। इस सन्दर्भ में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज को डायरेक्शन भी दिया गया है, किन्तु कोई सुनने को तैयार नहीं है। मुकदमे की धमकी देकर दबाव बना कर जबरन रोड बनाने का प्रयास किया जा रहा है। योगी सरकार मे न्याय और कानून व्यवस्था का दावा किया जाता है, लेकिन दूसरे तरफ उनका यह दावा खोखला साबित हो रहा है।

## कोरांव में सरहंगो का जलवा, नहीं डरते पुलिस और राजस्व प्रशासन से दबंग

**एक पत्रकार का सुलह समझौते के बावजूद घर ढहाया**




पत्रकार की मां वृद्ध को मिले पीएम आवास योजना के मकान को ढहा दिया जाने का दृश्य जो ठंड में बूढ़ी मां को रहने से वंचित कर रहे दबंग

**कोराव।** कोरांव तहसील क्षेत्र में इन दिनों भू अतिचारियों,अपराधियों के जलवे ही जलवे हैं। चाहे राजस्व अफसर और पुलिस अफसर कर्मी का विवाद सुलह कराया गया हो या न हो किंतु अपराधी मनबढ़ हो गए हैं। पीड़ितों की तो तहरीर ही नहीं दर्ज होती। कोराव थाना क्षेत्र के खजुरी खुर्द निवासी सुखलाल विश्वकर्मा पत्रकार का पुश्तैनी मकान ढहने पर मरम्मत करने से नए पड़ोसी ने निर्माण कार्य तीन साल से रोक रखा,जिसकी शिकायत और न्यायोचित कार्यवाही के लिए तकरीबन उनत्तिस बार समपूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस का चक्कर लगाया। अंततोगत्वा कई बार सरहगों ने तहसील और पुलिस टीम को खदेड़ दिया। किंतु वर्तमान तहसीलदार अजय संतोषी ने टीम गठित कर सीमांकन करा दिया। और सुलह समझौता भी लिखित रूप से करा दिया। मजेदार बात तो यह है कि भू अतिचारी औरतों को आगे करके अफसरों से भिड़ जाते है। और राजस्व पुलिस बल मह महिला पुलिस बल सहित डर कर चले जाते रहे। किंतु गत दिवस सुलह के बाद जब विश्वकर्मा मकान की मरम्मत करण कराने लगे तो भू अतिचारी सरहग निडर हो कर सात आठ फीट बन चुके मकान को दो जनवरी को ध्वस्त कर दिया। पीड़ित पत्रकार थाने रपट लिखाने गए किंतु केस नहीं दर्ज किया गया न ही मुलजिमान गिरफ्तार हुए। जबकि उक्त मकान प्रधान मंत्री आवास योजना का है। अपनी ही पुश्तैनी भूमि पर बना रहे हैं। किंतु कोई ऐसी ताकत जरूर है जो उक्त सरहांगों को प्रश्रय दे रहा है, जो दोनों को बरबाद करना चाहता है। पर पुलिस और तहसील की फरमान और फैसले को अतिचारी नहीं मानते। कई ऐसे ग्राम सभाएं हैं जहा राजस्व टीम की सीमांकन को सरकारी जमीनों को ही कब्जा कर रखे हैं किंतु राजस्व और पुलिस टीम कुछ कर नहीं पा रही है। इस तरह योगी आदित्य नाथ जी की सरकार पर स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सवालिया निशान जरूर लग रहे हैं। अपराध नियंत्रण का दावा खोखला साबित हो रहा है। कई ऐसी घटनाएं हैं जहां उचित कार्यवाही ही नहीं पुलिस करती अपराध को दबा दिया जाता है जो आगे एक शोला बन जाती है। खून खराबे में छोटे विवाद तब्दील हो जाते हैं।

## मुट्ठीगंज के नारायण वाटिका में सात दिवसीय रामकथा आयोजित

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** प्रयागराज के मुट्ठीगंज में स्थित दिव्य अध्यात्म राष्ट्र सेवा मिशन के द्वारा नारायण वाटिका में सप्त दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र व्यास पीठ पर विराजमान श्रद्धेय परम पूज्य श्री डॉ अनिरुद्ध जी महाराज जी के मुखारबिंद से अमृतमयी दिव्य कथा का श्रवण किया। डॉ संगम मिश्र बहुत देर तक बैठ करके कथा का आनंद प्राप्त किया। व्यास पीठ पर विराजमान परम श्रद्धेय महाराज जी ने डॉ संगम मिश्र को मंच पर बुलाया। मंच पर डॉ संगम मिश्र का माला पहनकर, अंग वस्त्र भेंट करके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान के साथ अपना आशीर्वाद दिया। डॉ संगम मिश्र से महाराज जी ने आरती करवाई।डॉ संगम मिश्र राम कथा की आरती में सम्मिलित हुए एवं भगवान का प्रसाद प्राप्त किया। चलते समय व्यास पीठ को पुनः प्रणाम करके आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों से भेंट की।जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर अंजनी जी, पीयूष जी, मंडल अध्यक्ष अजय अग्रहरि,मनोज मिश्र, निदेशक सेंट्रल एकेडमी एस.के.तिवारी,वि.हि.प. के प्रान्त संस्कृत प्रमुख शंकर देव त्रिपाठी, यश विक्रम त्रिपाठी एवं घनश्याम मिश्र सहित सैकड़ों श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। राम कथा मंच का संचालन भाजपा के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार केसरवानी ने किया।

## कोरांव महोत्सव के आखिरी दिन तिवारी बंधु व भावना सिंह के गीतों पर झूमे श्रोता

**अखंड भारत संदेश**

**महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्ष बाजपेई, समेत कई नेताओं ने आयोजन को सराहा**



**कोरांव।** कोरांव महोत्सव के आखिरी दिन तिवारी बंधु की जोड़ी सुजीत तिवारी व मनजीत तिवारी तथा पूर्वांचल की प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय गायिका भावना सिंह के गीतों पर दर्शक झूम उठे। खचाखच भरे कोरांव महोत्सव के पंडाल में जिस तेवर से प्रख्यात गायकों ने अपने गीतों की प्रस्तुति दी उसी जोश व खरोश से कलाकारों की दर्शक हौंसला अफजाई करते रहे। भावना सिंह व राहुल पंडित के गीतों पर युवा झूम उठे और पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कोरांव महोत्सव के आखिरी दिन मैराथन दौड़ सामान्य ज्ञान व चित्रकला प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर महोत्सव के मंच से सम्मानित किया गया। महोत्सव कार्यक्रम को प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्ष बाजपेई, आचार्य हरिकृष्ण शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल, पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अवध कुशवाहा, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अधीक्षक डॉ केबी सिंह, डॉ अनिल पांडेय सहित कई अन्य नेताओं व अतिथि वक्ताओं ने संबोधित कर कोरांव महोत्सव के 22 वें वर्ष के सफल आयोजन को सराहा और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें मंच देने के इस सराहनीय कार्य के लिए संस्थापक अध्यक्ष शशि द्विवेदी एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मिथिलेश शुक्ला, बृजेश तिवारी सप्लायर, सुमित पांडेय, सभासद शैलेश सिंह शैलू, पूर्व सभासद अरविंद तिवारी, नरेंद्र सिंह समेत क्षेत्र के भारी संख्या में गणमान्य नागरिक व दर्शक श्रोता मौजूद रहे।

## चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रीय पत्रकारों को किया सम्मानित




**मेजा।** चाणक्य इण्टरनेशनल स्कूल मनूकापुरा में क्षेत्रीय पत्रकारों को किया गया सम्मानित उनका सम्मान कर विद्यालय परिवार अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहाहै। उन्होंने स्कूल की शैक्षिक यवस्था से रूबरू कराते हुए उसे और भी चुस्त दुरुस्त बनाये जाने हेतु उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों से सुझाव मेजा प्रयागराज शिक्षा के भी मांगे स्कूल की बेहतर शिक्षा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वाले यहां के चाणक्य इण्टरनेशनल स्कूल मनूकापूरा में मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर क्षेत्रीय कार्यक्रम में पत्रकारों को सम्मानित किया गया। स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर सुधाश्रु मिश्र ने कार्यक्रम में आये क्षेत्रीय पत्रकारों का माल्यार्पण कर एवं उन्हें अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु स्कूल के प्रबंधक अखिलेश मिश्र के छोटे भाई प्रिंसिपल एंटोनियो कुमार को भी पत्रकार नीरज मिश्रा ने स्कूल में सम्मानित किया कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक व वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश मिश्रा ने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है समाज में व्याप्त अच्छाई बुराई को अपनी लेखनी के जरिए उजागिर करता ऐसे पत्रकारों का हम सभी को समय समय पर सम्मानित करते रहना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी, हरि प्रताप सिंह, जय प्रकाश द्विवेदी, राजेश शुक्ल, सुशील पांडेय, प्रेमानंद मिश्र, विमल पांडेय, नीरज पांडेय, आशीष शुक्ल, गज्जू राय, राजेश यादव, दीपक शुक्ला, राम कैलाश कुमार, अतुल तिवारी, श्रीकांत विश्वकर्मा, एवं उमेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे। में आये पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए स्कूल के प्रबंधक एवं वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश मिश्र ने कहा कि पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं।

## लोभ मोह त्याग प्रभु भजन में लगाएं ध्यान- माता अन्नपूर्णा




**सहसों।** नौ दिन सुनिए राम कथा सहसों के राम जानकी मंदिर के बगल में आयोजित श्री रामचरित मानस सेवा समिति सहसों के संयोजन में चल रही संगीतमय राम कथा के प्रथम दिन मां शारदा धाम मैहर से पधारीं कथा व्यास महामंडलेश्वर साध्वी माता अन्नपूर्णा ने भक्त श्रोताओं को श्री रामचरितमानस महात्म्य एवं भगवान की महिमा का बखान करते हुई कथा व्यास ने मनु शतरुपा की तपस्या, मोहिनी के प्रति नारद का मोह, मुनि नारद द्वारा भगवान एवं जय विजय को श्राप की सुंदर कथा का सजीव वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा मनुष्य को चाहिए कभी भी अपने जीवन में लोभ, मोह ना करें क्योंकि लोभ से जीवन के दौरान कई दुगुर्णों के साथ हानियां होती हैं। उन्होंने कहा हर मनुष्य को बचपन से ही भाव बनाकर भगवान की कथा के साथ भजन में लग जाएं तो पचपन की व्यथा दूर हो सकती है। कथा व्यास ने कहा संत की साधना, साधु का तप, भक्त की भक्ति एवं नारी की शक्ति से आज यह पृथ्वी टिकी हुई है। भगवान की साधना एवं भक्ति से ही भगवत मिलन तथा मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा विश्राम पर कथा व्यवस्थापक श्री रामचरितमानस सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी सहित आदि भक्तों ने व्यास पीठ एवं भगवान की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद सियाराम मौर्य, सत्यम केसरवानी, मनोज तिवारी, राम प्रसाद केसरवानी, विमल कुमार शुक्ला, जय किशन सोनी, राजेंद्र केसरवानी, उमेश केसरवानी, छोटेलाल प्रजापति, प्रेम कुमार प्रजापति, नितिन तिवारी, ब्रिटिश केसरवानी, रामबाबू केसरवानी आदि रहे।



## कार्यालय ग्राम - पंचायत पवंरी, विकास खण्ड - कौंधियारा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत करमा, विकास खण्ड-कौंधियारा में कराये जाने वाले कार्यो मनरेगा, राज्य वित्त, 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माणव मरम्मत साथ ही अन्य निर्माण कार्य/मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्मे 03-01-2024 से 17-01-2024 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 18-01-2024 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत पंवरी में पंचायत भवन से माध्यमिक स्कूल तक WBM रोड निर्माण कार्य लम्बाई 130 मीटर | 199445 लाख | 1 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत पवंरी में खेल मैदान निर्माणा कार्य | 396839 लाख | 1 माह |

कौशलेश यादव (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत पवंरी वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

आदित्य यादव (सचिव) ग्राम पंचायत पंवरी वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2023-24/दिनांक : 03.01.2024

## कार्यालय ग्राम पंचायत हथसरा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24

### टेण्डर/कोटेशन

दिनांक : 03.01.2024

ग्राम पंचायत **हथसरा** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **हथसरा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04-01-2024 से दिनांक 18-01-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 19-01-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 19-01-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | काली रोड से विजय कुमार के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.9844 लाख | 3 माह |
| 2. | रामबली पटेल के घर से सूर्यबली पटेल के गढही तक अंडर ग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य लम्बाई 120 मी. | 3.50 लाख | 3 माह |

शिव गणेश पटेल ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत हथसरा वि0 ख0 करछना प्रयागराज

आशीष सिंह सचिव ग्राम पंचायत हथसरा वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत कौवा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24

### टेण्डर/कोटेशन

दिनांक : 03.01.2024

ग्राम पंचायत **कौवा** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **कौवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04-01-2024 से दिनांक 19-01-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 20-01-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 20-01-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | काली रोड से भोलानाथ के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.00 लाख | 3 माह |
| 2. | सियाराम के खेत से मौजी लाल के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 5.00 लाख | 3 माह |
| 3. | काली रोड से जवाहर लाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.00 | 3 माह |

रेखा कुमारी ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत कौवा वि0 ख0 करछना प्रयागराज

इन्द्र कुमार यादव सचिव ग्राम पंचायत कौवा वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# हाईकोर्ट प्रशासन वादों की लिस्टिंग का काम अब खुद संभालेगा



एनआईसी से छिना लिस्टिंग का काम; कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम लागू

## एनआईसी कर्मचारियों पर वादों को लिस्टिंग करने में मनमानी के आरोप

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन वादों की लिस्टिंग का काम अब खुद संभालेगा। नेशनल इन्फॉर्मेशन सिस्टम से यह काम अब छीन लिया गया है। यह फैसला कॉज लिस्ट में आ रही शिकायतों और लेट-लतीफी को लेकर लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम को नए साल में लागू कर दिया गया है। लिस्टिंग का काम 2017 से सौंपा गया था। इधर, वादों की लिस्टिंग को लेकर आए दिन समस्या हो रही थी। इसको लेकर वकीलों में भी रोष था। कई बार चीफ जस्टिस को वकील और बार एसोसिएशन प्रत्यावेदन दे चुका था।

कोर्ट के आदेशों का भी अनुपालन नहीं हो पा रहा था। एनआईसी कर्मचारियों पर वादों को लिस्टिंग करने में मनमानी के भी आरोप लग रहे थे। इसमें एनआईसी कर्मचारी वादों को लिस्टिंग करते समय भेदभाव कर रहे थे। बाद में दाखिल होने वाले केस पहले लग जा रहे थे और पहले लगने वाले केस को बाद में लिस्ट किया जा रहा था। कई केस ऐसे भी सामने आए जो कोर्ट द्वारा डिस्पोज (निस्तारित) या रद्द करने के बावजूद सूचीबद्ध कर दिए गए। कोर्ट ने ऐसे मामलों में जांच के आदेश दिए हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए हाईकोर्ट प्रशासन ने ठक्क से यह काम छीनकर खुद अधीन कराने का निर्णय लिया है। अब हाईकोर्ट के कर्मचारी लिस्टिंग का काम करेंगे। इसके लिए एक साफ्टवेयर भी विकसित कराया गया है। अब जबकि मंगलवार से इलाहाबाद हाईकोर्ट खुल गया है ऐसे में शुरूआत में लिस्टिंग में कुछ परेशानी हो सकती है।

### आज के लिए नो एडवर्स ऑर्डर का प्रस्ताव

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने कॉजलिस्ट को लेकर 1 जनवरी से शुरू किए गए नए सिस्टम के कारण एसएमएस न आने को लेकर नो एडवर्स ऑर्डर का प्रस्ताव पारित किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को भेजे पत्र में बुधवार को किसी भी मुकदमें में एडवर्स ऑर्डर न देने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट एसोसिएशन के सचिव नितिन शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉजलिस्ट विलंब से आने और मुकदमे सूचीबद्ध होने का एसएमएस न आने से अधिवक्ताओं को जानकारी नहीं हो पा रही है कि उनके मुवक्किल का केस कब लगा है। इसलिए ऐसा किया गया है।

### हड़ताल हुई समाप्त, गैस सिलेंडर लेकर रवाना हुए ट्रक चालक

**झूंसी।** हिट एंड रन पर नए कानून के विरोध में ट्रक चालकों ने कामकाज ठप कर दिया था। जिसकी वजह से प्रयागराज, कौशांबी, मिजार्पुर सहित 11 जिलों में दो दिनों से कुकिंग गैस की आपूर्ति ठप हो गई थी। हड़ताल समाप्त हुई तो बुधवार सुबह सभी ट्रक चालक काम पर लौटे और शाम तक 70 ट्रक चालक कुकिंग गैस लेकर निकल चुके थे। झूंसी इंडेन बॉटलिंग प्लांट से प्रयागराज, कौशांबी के साथ-साथ मिजार्पुर, सोनभद्र, चंदौली, भदोही, जौनपुर, बांदा चित्रकूट सहित 11 जिलों में कुकिंग गैस की सप्लाई की जाती है। यहा से प्रति दिन तीस हजार से अधिक गैस सिलेंडर की सप्लाई होती है। हिट एंड रन के मामले में प्रस्तावित कानून वापस लेने की मांग करते हुए सिलेंडरों को लेकर जाने वाले ट्रक चालक धरने पर बैठ गए। जिसकी वजह से कुकिंग गैस संकट की संभावना को देखते हुए प्लांट मैनेजर चालकों को समझने का प्रयास कर रहे थे सूचना पर चौकी इंचार्ज चमनगंज संतोष सिंह भी मौके पर आकर ट्रक चालकों को समझने का प्रयास किया पर ट्रक चालक मानने को नहीं तैयार नही थे। मंगलवार की रात में जब सरकार व ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोगों से बातचीत के बाद सहमति बनी तब तक चालकों की हड़ताल समाप्त हुई। बुधवार सुबह सभी ट्रक चालक इंडेन बॉटलिंग प्लांट के अंदर अपनी अपनी गाड़ियां लेकर गए जिसके बाद से सभी जिले में सिलेंडर आपूर्ति सुचारू हो सकी।

# तेज रफ्तार इनोवा सवार महिला को टक्कर मार हुआ फरार

**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग झूंसी में एक हिट एंड रन का मामला सामने आया शहर की ओर जाती एक इनोवा गाड़ी ने सड़क पार कर रही एक महिला को टक्कर मारते हुए भाग निकली। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। घायल महिला को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल महिला एक निजी चिकित्सालय में काम करती है। झूंसी के गंगोत्री नगर हवेलिया की रहने वाली रंजीता सिंह 41 शहर के एक निजी अस्पताल में काम करती हैं। बुधवार की रात वह अस्पताल से लौटी थी। झूंसी पेट्रोल पंप के निकट सड़क पार करते वक्त हंडिया की ओर से आई एक तेज रफ्तार इनोवा गाड़ी ने रंजीता को टक्कर मारते हुए शहर की ओर भाग गई। सूचना पर पहुंचे झूंसी चौकी इंचार्ज लाखन सिंह स्थानीय लोगों की मदद से महिला को अस्पताल ले गए।

### तीन दिन से मोटर खराब,जलापूर्ति ठप्प

मेजा। मेजा स्थित जलनिगम की मोटर 3 दिन से खराब होने की वजह से मेजा बाजार सहित गांव के ऊंचे इलाके में पानी की आपूर्ति ठप्प हो गई है।लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कड़ाके की ठंड की वजह से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे मौके पर पानी के लिए दर -दर भटकना पड़ रहा है। बता दें कि मेजा जलनिगम की मोटर आए दिन खराब रहती है।इसके अलावा कम पावर की मोटर की वजह से ऊंचे इलाके के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

# गृहकर वसूली में शोरूम पर शिकंजा

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज के निर्देश के क्रम में बुधवार को गृहकर वसूली के सम्बन्ध में 149/35ए/1ए महात्मागॉधी मार्ग पर बकाया धनराशि रू0-1233271.00 पर कडी कार्यवाही करते हुए सिविल लाइन्स स्थित रेडचीफ के शोरूम को सील किया गया, जिसपर शोरूम के संचालक द्वारा नगर निगम की कुर्की टीम से अनुनय-विनय किया गया कि उसकी फ्रेन्चायजी निरस्त कर दी जाएगी कि वह एडवांस में किराया रू0 तीन लाख जमा कर चुका है एवं अब उसके द्वारा भुगतान किये जाने की स्थिति नही है। भवन स्वामी द्वारा मौके पर पहुँचने में आनाकानी की जा रही थी। मुख्यालय से मुख्य कर निर्धारण अधिकारी स्वंय रेडचीफ शोरूम पर पहुँचे एवं थाना सिविल लाइन्स से फोर्स बुलाकर शोरूम पर ताला लगवा दिया गया। उक्त घटना के बाद भवन स्वामी मौके पर पहुँच आया और अपनी आर्थिक स्थिति की दुहाई देते हुए तत्काल रू0 दो लाख जमा करते हुए शोरूम पर लगाए गये गृहकर का परीक्षण कराने का अनुरोध किया गया। जिसपर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि वह निम्नतम 50 प्रतिशत धनराशि जमा कराए तदोपरान्त आवेदन प्राप्त करने पर शोरूम पर लगाए गये कर की जॉच कराने के उपरान्त ही नियमानुसार कार्यवाही की जाऐगी, कुर्की की कार्यवाही सभी बड़े गृहकर बकायेदारों पर जारी रखने हेतु सभी जोनल कर अधीक्षक को कडे निर्देश दिये गये जिससे इस वित्तीय वर्ष में लक्ष्य परख वसूली सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान कर अधीक्षक श्रीमती मोनिका रस्तोगी एवं राजस्व निरीक्षक कमलेश पाण्डेय, नगर निगम वसूली टीम के साथ मौक पर डटी रही।

### तेज बारिश से लुढ़का पारा, ठड और शीतलहर से कांपे लोग

**प्रयागराज।** बुधवार की सुबह प्रयागराज और आसपास के जिलों में जमकर बारिश हुई। इससे सड़कें और गलियां लबालब हो गईं। खेतों में पानी भर गया। ठंड और शीतलहर के बीच बारिश के चलते पारा अचानक लुढ़क गया और लोग ठिठुरने के लिए मजबूर हो गए। सड़कों पर सन्नाटा दिखा और आवागमन के लिए यात्री भी काफी निकले। रोडवेज और प्राइवेट बसों में यात्री काफी कम दिखे। रोज की अपेक्षा रोडवेज और रेलवे स्टेशनों पर भीड़ काफी कम दिखी। चौराहो और तिराहे के पास जल रहे अलावा के पास लोगों की भीड़ रही। बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित रहा।सुबह छह बजे से ही तेज बारिश शुरू होने के कारण ठंड अचानक बढ़ गई। स्कूल और कॉलेज पहले से ही बंद चल रहे हैं। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से निकले इसके चलते वाहनों की संख्या भी सड़कों पर कम ही दिखी। भीषण ठंड के चलते लोग घरों में रूम हीटर और अलाव के पास बैठे दिखे। प्रयागराज के साथ प्रतापगढ़ और कौशाम्बी में भी जमकर बारिश हुई। न्यूनतम तापमान 13 जबकि अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहा।

# फिर कोर्ट में हाजिर नहीं हुए अमर गिरि, गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश, टली सुनवाई

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** श्री बाघम्बरी गद्दी मठ अल्लापुर के महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या के मामले में मंगलवार को भी सुनवाई हुई। नरेंद्र गिरि के डेथ की प्रथम सूचना और रिपोर्ट कराने वाले वादी अमर गिरि एक बार फिर सुनवाई की डेट 2 जनवरी को कोर्ट में नहीं उपस्थित हुए। इस आचरण पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए अमर गिरि को गिरफ्तार कर अगली डेट पर कोर्ट में पेश करने का आदेश जारी किया है।

**जारी हो चुका है एनबीडब्ल्यू कोर्ट को अमर गिरि दे चुके हैं माफीनामा :**

अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह बहस कर रहे थे। उन्होंने कोर्ट को बताया कि अमर गिरि पिछली कई तारीखों से अदालत में हाजिर नहीं हो रहे है। पूर्व में भी कोर्ट ने उनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया था। इसके बाद अमर गिरि को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में पेश होने के बाद अमर गिरि ने एक प्रार्थना पत्र कोर्ट में दिया था और कहा था कि अब वह सभी तारीखों पर उपस्थित रहेंगे। बावजूद इसके अमर गिरि कोर्ट से गैरहाजिर हैं।

**अमर गिरि और पवन महाराज ने ही पुलिस को दी थी सूचना :**

20 सितंबर 2021 को प्रयागराज के बाघंबरी गद्दी मठ अल्लापुर के गेस्ट हाउस के कमरे में नरेंद्र गिरि फांसी के फंदे पर लटके पाए गए थे। अमर गिरि और पवन महाराज ने ही पुलिस को सूचना दी थी। नरेंद्र गिरि की डेड बॉडी पुलिस के मठ पहुंचने से पहले ही रस्सी को तीन टुकड़ों में काटकर उतार दी गई थी। इसके बाद पहले एसआईटी और फिर सीबीआई ने इस केस की जांच की। सीबीआई ने आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और उसके बेटे संदीप तिवारी को आरोपी बनाया है।22 फरवरी 2021 को प्रयागराज की जिला एवं सत्र न्यायालय में सरकार बनाम आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी के खिलाफ धारा 306/120 बी आईपीसी के तहत वाद दायर किया गया। इस मामले में सीबीआई द्वारा चाजार्शीट दायर करने के बाद अब ट्रायल शुरू कर दिया गया है। इसमें अमर गिरि की गवाही होनी है। गैरहाजिर रहने के कारण अभी तक गवाही पूरी नहीं हो सकी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से पैर गवाने वाले अधेड़ को प्रयागराज में नहीं मिला इलाज

**झूंसी।** आवास विकास कर्मी शिवकरण पालप मंगलवार की सुबह झूंसी स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आ गए। जिसकी वजह से उसका दोनों पैर कट गया। परिजन घायल को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया था रात में मरीज की हालत गंभीर बताते हुए डॉक्टरों ने उसे डिस्चार्ज कर दिया आरोप है कि रात भर सभी अस्पतालों में चक्कर काटने के बाद भी किसी ने दाखिल नहीं किया वापस एसआरएन में भी दाखिल नही मिला। रात में ही निजी एंबुलेंस से परिजन घायल को वाराणसी ले गए जहां उसका इलाज चल रहा है।

आवास विकास कॉलोनी योजना 3 झूंसी निवासी शिवकरन पाल 57 आवास विकास में कर्मचारी है और इन दिनों उनकी पोस्टिंग वाराणसी में है। शिवकरन ट्रेन से वाराणसी जाते आते हैं। मंगलवार की सुबह यह घर से निकले और झूंसी स्टेशन पर डेमू ट्रेन में चढ़ते वक्त पैर फिसल गया और यह ट्रेन की चपेट में आ गए जिसकी वजह से इनका दोनों पैर कट गया। शिवकरण के रिश्तेदार अजय पाल ने बताया कि इन्हें स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां देर रात डॉक्टर ने हालत गंभीर बताते हुए बिना डिस्चार्ज पेपर के घायल को निकाल दिया। मरीज को परिजन लेकर अस्पताल अस्पताल भटकते रहे पर जिले के सभी बड़े अस्पताल घायल के लेने से इनकार कर दिया तो फिर परिजन एसआरएन आये पर डॉक्टरों ने वहाँ भी उसे एडमिट करने से इनकार कर दिया। मायूस परिजन निजी एंबुलेंस से शिवकरन को वाराणसी बीएचयू ले आए जहां उनका इलाज चल रहा है।

## हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से टूरिस्ट बस खलासी की मौत, बस में सवार थे 42 यात्री बाल-बाल बचे



**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत पुलिस चौकी बरौत की ग्रामसभा रामनगर में टूरिस्ट बस से सीतामढ़ी जा रहा खलासी हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर झुलस गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।बुधवार शाम चार बजे टूरिस्ट बस पर 42 लोग सीतामढ़ी भदोही जा रहे थे। हंडिया के रामनगर गांव के पास बस के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार को हटाने के लिए खलासी बस के ऊपर चढ़ा। इस बीच वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। झटका लगने से वह बस से नीचे गिर गया और सिर पर गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी हंडिया धर्मेंद्र दुबे, चौकी प्रभारी बरौत विनय शुक्ला मौके पर पहुंचे।मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कमल (35) निवासी ग्राम चोमा, 17 मोहन बड़ोदिया, जिला मालवा मध्य प्रदेश के नाम से हुआ। बस चालक मनोहर ने बताया कि बस पर कुल 42 लोग सवार थे। ग्राम सुसनेर, आगर, जिला मालवा से 28 दिसंबर को लेकर टूर पर निकला था। प्रयागराज संगम स्नान के बाद अब सीतामढ़ी भदोही जा रहे थे। उसके बाद वाराणसी सहित अन्य धर्मस्थलों पर जाना था।

# एक दिन की बारिस ने गांव की सरकार की खोली पोल




**सहसों।** बाजार से लेकर सहसों चौराहे से पहले तक जल निकासी के लिए बनाई गई नालियों में कूड़ा करकट जमा हो जाने के कारण वर्षा का जल गंतव्य तक नहीं जा पा रहा है। जिसके चलते सहसों बाजार, राम जानकी मंदिर के समीप तथा गोल चौराहे से पहले में रोड पर जल भराव हो जाने के कारण राहगीरों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कई बार संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारी को जल निकासी के लिए अवगत कराया परंतु जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से वर्षा के साथ घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। जिसके चलते स्थानीय लोगों के आवागमन के अतिरिक्त कई गांव के लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाई होती है। वहीं पर बैंक, पोस्ट ऑफिस तथा विद्यालय आने जाने वाले सैकड़ो लोगों को प्रतिदिन जल भराव वाले रास्ते या फिर कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरना पड़ता है जिससे बच्चे बूढ़े नौजवान सभी लोग परेशान हैं। यह है गांव के विकास के लिए गांव की सरकार जोकि एक दिन की बारिस ने गांव की सरकार की पोल खोल दिया।

# गणेश यादव का गुर्गा रिंकू पहलवान गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** पुलिस ने हवेलिया के संगम विहार में रंगदारी के लिए फायरिंग, मारपीट व लूट में शामिल प्रदेश स्तरीय चिन्हित माफिया गणेश यादव के गुर्गे रिंकू पहलवान को घटना के 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गणेश यादव समेत अन्य गुर्गों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। कटरा निवासी रवि प्रताप सिंह की तहरीर पर दो दिन पहले पुलिस ने माफिया गणेश यादव व रिंकू पहलवान सहित उसके दर्जन भर गुर्गों को नामजद करते हुए रंगदारी, जानलेवा हमला, लूट का मामला दर्ज किया था। पुलिस सभी आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी। बुधवार को कोहना उल्टा किला के पास से पुलिस ने रिंकू पहलवान को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि रिंकू पहलवान रंगदारी के मामले में पहले से भी वांछित चल रहा था।

### अरैल घाट सेल्फी पॉइंट पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के शिविर का हुआ उद्घाटन

**प्रयागराज।** बुधवार को अरैल घाट स्थित सेल्फी प्वाइंट पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रयागराज का शिविर कार्यालय का उद्घाटन जगदम्बा सिंह, सचिव, जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रयागराज (अपर जिलाधिकारी, (वि0/रा0), प्रयागराज) द्वारा किया गया। उक्त उद्घाटन समारोह में तपन मिश्रा, अपर नगर मजिस्ट्रेट, (द्वितीय), प्रयागराज, दिग्वजय सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट, (प्रथम), प्रयागराज, अन्तिम कुमार श्रीवास्तव, प्रधान आपदा सहायक एवं कडेदीन यादव, प्रभारी, शिविर कार्यालय, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रयागराज एवं श्रीमती अन्नू दूबे, सुपर वाइजर, आपदा मित्र उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### बारिश ने बढ़ाई गलन ठिठुरते दिखे लोग



**नैनी।** नैनी कड़ाके की ठंड और शीतलहर के साथ बुधवार को तेज बारिश ने तापमान को और नीचे गिरा दिया। जिसके चलते ठंड बढ़ गयी। ठंड के कारण लोग ठिठुरने लगे हैं। नैनी के रहने वाले श्री तिवारी गुड्डन भाई दिनेश गुप्ता कल्लू जायसवाल मकसूद भाई बताते हैं कि शीतलहर और ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहने रहे ठंड से लोग बचे रहे। प्रयगराज समेत कौशाम्बी में भी जमकर मूसलाधार बारिश हुई है। बुधवार की सुबह नैनी प्रयागराज और आसपास के जिलों में जमकर बारिश हुई। जिससे खेतों में पानी भर गया। ठंड और शीतलहर के बीच बारिश के कारण पारा अचानक लुढ़क गया और लोग ठिठुर बढ़ गई। ठंड के कारण सड़कों पर लोगो का निकलना भी कम हुआ। पूरे दिन सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। सुबह छह बजे से ही तेज बारिश होने के कारण गलन बढ़ गई। स्कूल और कॉलेज तो फिलहाल बंद चल रहे हैं। लोग घरों की नहीं निकले। भीषण ठंड के चलते लोग घरों में रूम हीटर और अलाव का सहारा तलाश करते रहे। मौसम विभाग के अनुसार अभी गलन बढ़ने के आसार है।

### एसपीओ के कार्यकर्ता ने शिविर मे जाकर रक्त दान किया



**नैनी।** नैनी विशेष पुलिस अधिकारी पुलिस मित्र के सक्रिय कार्यकर्ता दीपक केसरवानी ने मानव धर्म का पालन करते हुए स्वेच्छा से रक्त दान शिविर मे जा कर रक्त दान किया एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी विरेन्द्र कुमार पटेल, सेल मीडिया प्रभारी संदीप विश्वकर्मा, राम जी जायसवाल, समस्त वरिष्ठ अधिकारी और सदस्य की तरफ से दीपक केशरवानी को बहुत बहुत धन्यवाद आपने समाज के हितों को ध्यान मे रखकर जो कार्य किया है हम सब आपको बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं आपने अपनी पूरी टीम को प्रेरणा देने का कार्य किया हैं हर व्यक्ति को जीवन में रक्त दान कर मानवता और समाज को सहयोग देने का कार्य अपने जीवन मे जरूर करना चाहिए।

### आर. डी. इंस्टीट्यूट में एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया




**नैनी।** नैनी एफ सी आई रोड स्थित आर डी इंस्टीट्यूट फॉर कंप्यूटर एजुकेशन में एनुअल फंक्शन अवसर 2024 का आयोजन किया गया। जिसमे संस्थान की तरफ से अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनेश चंद्र तिवारी समाजसेवी के द्वारा किया गया। 2024 अवसर कार्यक्रम में अनेक प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से कंप्यूटर क्षेत्र की विविधता को समझाया गया। कार्यक्रम को दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ शुरूवात दी गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्थान के प्रिंसिपल नवनीत अग्रहरी के द्वारा संस्थान में बच्चो को मार्कशीट और सर्टिफिकेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रजनीश कुमार तिवारी प्रबंधक आर. डी. इंस्टीट्यूट, विकाश तिवारी ,राकेश श्रीवास्तव, पंकज तिवारी अमन सेन, मोमिश पाण्डेय, साक्षी शुक्ला, गुंजन एवं छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आर. डी अनुज सिंह एवं मिस आर. डी. अंजली त्रिपाठी को चुना गया। जिसमे सौ से भी अधित छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए।

# मोदी की गारंटी का मतलब गरीब के चेहरे पर खुशी: सांसद

## मऊदारा, पनाह नगर बरई एवं सराय महासिंह में पहुंची मोदी की गारण्टी गाड़ी

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार ने गांव, गरीब, किसान, युवाओं के लिए अनेकों कार्य किये है। आज ऐसा कोई घर नही बचा है, जहाँ पर सरकार की योजना न पहुंची हो। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारण्टी की गाड़ी भेजी है।

उक्त बातें बुधवार को क्षेत्र के मऊदारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारण्टी गाड़ी चैपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद कौशाम्बी, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने उपस्थित जन समूह के बीच कही। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि मोदी की गारण्टी गाड़ी को क्षेत्र में अपार समर्थन मिल रहा है। 2014 के पहले कुण्डा की सड़के चलने लायक नही थी। आज क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़क बन गई है। क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। दुअर नदी में तीन पुल मेरे प्रस्ताव पर बनाये गए। बकुलाही नदी में 12 पुल बनाया गया। लोनी नदी में एक पुल का प्रस्ताव भेजा गया। उसका भी टेंडर हो गया। करेंटी में 250 करोड़ से गंगा में दुर्गा भाभी सेतु बनाया गया। उज्वला योजना से अभी तक जिनका गैस कनेक्शन नही है। उन्हें निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। इसके बाद पनाह नगर बरई एवं सराय महासिंह में मोदी की गारण्टी गाड़ी के साथ चैपाल कार्यक्रम में सांसद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रत्याशी योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू, विस्तारक शुभम शास्त्री, गोलू शुक्ल, प्रधान ज्ञान चन्द्र यादव फौजी, सरोज त्रिपाठी, भोला सेठ, राम सजीवन, जिया राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बोलते सांसद विनोद सोनकर।

# केंद्रीय मंत्री आज करेंगी नव सृजित नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय का शिलान्यास

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार की कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी आगामी 4 जनवरी को कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र के बाबागंज विधानसभा के नव सृजित नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय के भूमिपूजन शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगी।

मंगलवार को नव सृजित नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय में आयोजिय पत्रकार वार्ता में कौशाम्बी सांसद,संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति विनोद सोनकर ने बताया कि आगामी 4 जनवरी 2024 को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 11 बजे नगर पंचायत हीरागंज बाजार के मां नायर देवी धाम आ रही है। जहां पर मेरी धर्म पत्नी संगीता सोनकर के द्वारा आयोजिय विशाल दुर्दैया कार्यक्रम में 11 हजार बहनो के साथ औसान देवी माता का पूजन करेंगी।

### हीरागंज में आयोजिय होगा विशाल दुर्दैया कार्यक्रम

इसके बाद नव सृजित नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय के भूमिपूजन एवं शिलान्यास करने के बाद विशाल महिला जन सभा को सम्बोधित करेंगी। प्रेस वार्ता में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, भाजपा नेता मनोज तिवारी,नगर पंचायत हीरागंज बाजार के चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, मयंक तिवारी, हंसराज मिश्र सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता सम्मान समारोह आज, आयेंगे शिक्षक विधायक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों की बुधवार को तहसील परिसर में बैठक हुई। बैठक में चार जनवरी गुरूवार को तहसील सभागार में होने वाले सम्मान समारोह की रूपरेखा को लेकर अधिवक्ताओं ने मंथन किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी अपरान्ह एक बजे शामिल होंगे। कार्यक्रम में विधिक क्षेत्र में योगदान के लिए अधिवक्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी व उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह सहित संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिला की पिटाई कर आभूषण छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज कैथौला चैकी के चैरिहन का पुरवा भटनी निवासी रामसुख पटेल की पत्नी अनीता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती दो जनवरी की शाम छः बजे गांव के आधा दर्जन आरोपियों ने उसके साथ गालीगलौज व मारपीट की। पीड़िता की तहरीर के मुताबिक आरोपी मारपीट के दौरान उसकी सोने की नथिया भी छीनकर भाग निकले। तहरीर में पीडिता ने कहा है कि वह घटना के समय घर में अकेली थी। तभी गांव के विपक्षी आधा दर्जन आरोपी उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपियों ने उसके साथ गालीगलौज शुरू की। मना करने पर मारपीट करने लगे। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी मारपीट के दौरान उसकी सोने की नथिया व सोने का लाकेट छीनकर भाग निकले। पीड़िता ने यह भी कहा है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने उसे जानलेवा धमकी दी है। पीड़िता ने डायल पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पडताल की। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, घटना की सत्यता के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# गलन व ठण्ड बढ़ने से जनजीवन हलाकान, अलाव के प्रबन्ध नाकाफी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को मौसम के अचानक करवट बदलने से ठण्ड व गलन में लोग सिकुड़ते देखे गये। इसके बावजूद भी लालगंज तहसील के देहात अंचलों में सार्वजनिक स्थलों पर भी अलाव के प्रबन्ध नाकाफी दिखे। लोगों को तहसील समेत विभिन्न कार्यालयों व धार्मिक स्थलों तथा बस अडडो पर ठिठुरते देखा गया। वहीं अचानक हुई बारिश से भी जन जीवन प्रभावित दिखा। अलाव के बाबत एसडीएम लालधर सिंह यादव का कहना है कि सभी जिम्मेदार संस्थाओं व कर्मचारियों को व्यवस्था को लेकर कडे निर्देश दिये गये हैं। अलाव के प्रबन्धों में लापरवाही मिली तो जिम्मेदारों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। बारिश के चलते तहसील परिसर में जगह जगह जलजमाव हो उठा। वहीं कई जगह नालियां भी चोंक लेती दिखी। पूरा दिन गलन व ठण्ड की गिरफ्त में होने से हाट बाजारों में भी चहल पहल न के बराबर दिखी।


इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

# परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

## इंदिरा भवन पर हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में एक महत्त्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, प्रतापगढ़ में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

अध्यक्षता कर रहे डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में 20 दिसंबर 2023 को सहारनपुर से परिवर्तन संकल्प यात्रा जो कि यू.पी.जोड़ो यात्रा के नाम से चल रही है। चार जनवरी को लखनऊ पहुंच रही है लखनऊ में तीन दिन यात्रा चलकर छह जनवरी को दिन में दो बजे शहीद स्मारक पहुंच रही है जहां पर शहीदों को नमन किया जाएगा। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में यू.पी.जोड़ो यात्रा के लखनऊ पहुंचने पर प्रतापगढ़ से भारी से भारी संख्या में कांग्रेसियों का एक जत्था रवाना होगा और लखनऊ बॉर्डर पर यू.पी. जोड़ो यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। संचालन कर रहे नगर अध्यक्ष इरफान अली ने सभी कांग्रेस जनों से आग्रह किया कि यू.पी.जोड़ो यात्रा के स्वागत के संदर्भ में सभी अपने-अपने विचार रखें जिससे कि लखनऊ में प्रतापगढ़ की संख्या बल दिखाई दे। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कार्यालय प्रभारी/कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, महासचिव आशुतोष तिवारी, कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, मोहम्मद जावेद, बेलाल अहमद, राम अवध यादव, सुभाष तिवारी, राम धन यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री मोती सिंह के बड़े भाई को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधि

### मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री ने पहले ही जताया था शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह के बड़े भाई के श्राद्ध कार्यक्रम में सांसद, विधायक, नगर पालिकाध्यक्ष, भाजपा नेताओं, जिलाध्यक्ष के अलावा हजारों लोग ने बेल्हा देवी घाट के किनारे पहुंचकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

सभी नेताओं एवं कार्यकताओं से मोती सिंह स्वयं मिलकर आभार जताया। बडेलाल के निधन पर समाज को बड़ी क्षति बताने वालों ने कहा कि मोती सिंह के बडे. भाई सहज, सरल स्वभाव के थे। उनका किसी से कभी कोई दुराव नहीं रहा। पूर्व मंत्री आज अपने अग्रज भाई के कई स्मरण भी सुनाए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचने वालों में सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेन्द्र मौर्य, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्याम किशोर शुक्ला, भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला के अलावा कई ब्लाक प्रमुख व पट्टी के बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में आए थे। सुबह वर्षा के कारण भीड़ दिन में 11 बजे से शुरू हुई और शाम पांच बजे तक कार्यक्रम के समापन तक हजारों की भीड़ मौजूद रही। बता दें कि सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह के बड़े भाई के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहले ही शोक जता चुके हैं।


श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बैठे सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधि।

# जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से

### डीएम ने जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता की समीक्षा की

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता की समीक्षा की गयी। बैठक में जिला युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह ने बताया कि खण्ड स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल प्रतियोगिता 16 ब्लाकों में की जा चुकी है तथा बाबा बेलखरनाथधाम में 03-04 जनवरी को खेल प्रतियोगिता प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्पोर्टस स्टेडियम में 13 एवं 14 जनवरी को किया जायेगा जिसमें सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक एवं बालिकाओं हेतु एथलेटिक्स, बॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, भारोत्तोलन, बैडमिन्टन, फुटबाल जूडो खेल को सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के खेल क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की क्षमता रखने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उपयुक्त मंच तथा अवसर प्रदान किया जाये तथा जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन की समस्त तैयारियॉ पूर्ण कर सुव्यवस्थित ढंग से खेल का सम्पन्न करायें। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को दर्शक के रूप में शामिल किया जाये जिससे वे खेल प्रतियोगिता को देखे और खेल के प्रति उत्साहित हो सके। जिलाधिकारी ने जिला युवा कल्याण अधिकारी से युवा मंगल दल के गठन के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध अपराधियों के विरूद्ध विविध कार्यवाही मे थाना मानिकपुर उ0नि0 जिलेदार पाल अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 02/2024 धारा 363, 366, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त दिलीप सरोज पुत्र सन्नू सरोज नि0ग्राम बक्कीपुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को थानाक्षेत्र मानिकपुर के मवई पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

# 5100 दीपों से प्रकाशमय होगा हनुमान मंदिर परिसर

### प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में होंगे कई आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हनुमान मंदिर पर हनुमान भक्तों की एक बैठक हनुमान जी महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सभी भक्तों ने 22 जनवरी को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर व प्राण प्रतिष्ठा के दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा बनी। 21 जनवरी को राम कीर्तन का शुरूआत किया जाएगा जो 24 घंटे तक चलेगा। 22 जनवरी को 12 बजे पूर्णाहुति होगी। मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए एलइडी वॉल, एलइडी टीवी लगाई जाएगी। शाम पांच बजे 5100 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा एवं शाम को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

मंदिर समिति की महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया की मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को हनुमान मंदिर चिलबिला पर भव्य सजावट की जाएगी। 21 जनवरी को सुबह सीताराम कीर्तन का शुभारंभ होगा जो 22 जनवरी 12 बजे बजे तक चलेगा। मंदिर परिसर को फूल मालाओं व विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। 22 जनवरी को शाम पांच बजे 5100 दीपों से पूरे परिसर तालाब को प्रकाशमय कर दीपोत्सव मना कर सभी भक्त महा आरती करेंगे तत्पश्चात आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। सारी तैयारी के लिए सभी भक्तगण लग गए हैं। कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने के लिए सुरेश अग्रवाल को प्रभारी बनाया गया है। सभी भक्तों से अनुरोध है की मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्री राम का मंदिर एवं प्राण प्रतिष्ठा का यह सौभाग्य हम सबको मिलकर मनाना चाहिए। प्रभु श्री राम के अनंत भक्त हनुमान महाराज की कृपा से भव्य आयोजन हो हम सब यही प्रार्थना करें। इस अवसर पर हनुमान भक्त सुरेश अग्रवाल, सूरज उमरवैश्य, बजरंग लाल, पप्पू, श्याम बाबू, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, सूरज कुमार, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, प्रमोद कुमार, कुंदन उमरवैश्य, शनि महाराज, अमन गुप्ता, छोटेलाल सोनी, तुलसीराम, त्रिभुवन लाल, आशीष कुमार लाइट, अमित कुमार, प्रदीप कुमार, सूरज आरा मशीन, आदर्श कुमार, हरि कृष्णा जायसवाल, विश्वनाथ उमरवैश्य, भोलानाथ, अवधेश, राजकुमार, ननका, प्रमोद कुमार उमरवैश्य, राजेश कुमार, विजय कुमार, सोनू महाराज आदि सैकड़ो की संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित रहे।


हनुमान मंदिर की बैठक में मौजूद मंदिर समिति के पदाधिकारी।

# प्रेरणा व संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी माता सावित्रीबाई फुले जयंती

## सावित्री बाई फूले के 193वीं जयंती पर किया गया याद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान के उपासिका संघ द्वारा सम्राट अशोक महान पुस्तकालय पर आयोजित माता सावित्रीबाई फूले की 193 जयंती पर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन संघर्षों से प्रेरणा व उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया साथ ही उनकी कार्यों के अनन्त सहयोगी शेख फातिमा के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध के प्रतिमा व माता सावित्री बाई फूले जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बुद्ध, धम्म व संघ वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0मीनाक्षी मौर्य द्वारा महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता कार्यो से आगे आने का आह्वान करते हुए बताया कि पुणे में 1948 में पहला देश का बालिका विद्यालय की स्थापना की।

जिनके सम्मान में पिछले वर्ष पुणे विश्वविद्यालय का नाम माता सावित्रीबाई फूले विश्वविद्यालय रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बहन लीलावती ने महिलाओं को समाज में योगदान व उनकी भूमिका में आ रहे संघर्षों से विचलित न होने हुए माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षों से प्रेरणा लेने की बात की। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजनी सरोज द्वारा किया गया। इस अवसर पर शोभा कन्नौजिया, अनीता मौर्य, रंजू बौद्ध, राम सजीवन सरोज, बसन्त लाल मौर्य, शर्मिला राहुल देव, अमृत लाल वर्मा, अनीता राजीव आदि उपस्थित रहे। आभार आचार्य डॉ0 शिवमूर्ति लाल मौर्य द्वारा प्रकट किया गया।


अशोक महान पुस्तकालय पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते उपासिका संघ के पदाधिकारी।

# रामनगरी में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के तहत पारित हो मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ का संकल्प प्रस्ताव

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अयोध्या रामनगरी में आगामी बाइस जनवरी को अयोध्या नगरी में श्रीराम लला के विग्रह प्रतिष्ठा उत्सव में श्रीरामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ के रूप में मान्यता का संकल्प प्रस्ताव भी पारित कराए जाने की मांग उठाई गयी है। बुधवार को नगर स्थित श्रीहरिहरमंदिरम में श्रीरामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रंथ अभियान समिति की बैठक हुई। बैठक का शुभारंभ श्रद्धालुओं ने श्रीरामचरितमानस के पूजन अर्चन तथा हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ व रामनाम संकीर्तन से किया गया। श्रीरामचरितमानस महाग्रंथ संरक्षण अभियान समिति के संयोजक तथा वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बुधवार को राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय को भेजे गये समिति के प्रस्ताव में श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ के रूप में मान्यता दिलाए जाने में ट्रस्ट की ओर से संकल्प प्रस्ताव रखे जाने का अनुरोध किया। समिति के पदाधिकारियों ने रामभक्तों के हस्ताक्षरयुक्त प्रस्ताव के तहत कहा है कि श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा विग्रह उत्सव को और भव्य ऐतिहासिकता देने के लिए उत्सव में यह संकल्प प्रस्ताव पारित होना भारतीय संस्कृति की संरक्षा का विश्वव्यापी दूरगामी कदम होगा। प्रस्ताव में अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल द्वारा लालगंज सिविल कोर्ट में मानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित करने के साथ श्रीमद्भागवत गीता व श्री बाल्मीकि रामायण के अपमान पर नये भारतीय दण्ड संहिता कानून में इसे राजद्रोह घोषित कराने सम्बन्धित दायर किये गये प्रकीर्ण वाद का भी नैतिक समर्थन मांगा गया है। प्रस्ताव भेजने वालों में प्रमुख रूप से आचार्य राजेश मिश्र, स्वामी जितेन्द्र तिवारी, संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पं. बेनीलाल शुक्ला, पं. जमुना प्रसाद तिवारी, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, राकेश तिवारी गुडडू, वरिष्ठ अधिवक्ता विकास मिश्र, आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, आचार्य डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय, दिनेश सिंह आदि शामिल हैं।

# अष्टभुजा नगर में लोगों का बांटा गया अक्षत व आमंत्रण पत्र

### आरएसएस ने शिव मंदिर में किया विधिवत पूजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत आज जिले के अनेक स्थानों के साथ-साथ नगर स्थित अष्टभुजा नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचारक प्रवेश कुमार ने अष्टभुजा नगर स्थित शिव मंदिर में विधिवत पूजन कर और प्रभु को अक्षत और आमंत्रण पत्र समर्पित करके अभियान को आगे बढ़ाया।

इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रवेश ने कहा कि यह जन-जन का अभियान है। हम सभी ने श्री राम मंदिर निर्माण के लिए समर्थन मांगा था और आप सभी के बीच में आए थे। निधि समर्पण अभियान में जन-जन ने अपना सहयोग प्रदान किया। आज हम सब श्री रामलला के दर्शन का आमंत्रण देने आए हैं और आग्रह करने आए हैं कि 22 जनवरी को अपने मोहल्ले के मंदिर पर 11 बजे से एक बजे के मध्य उत्सव का वातावरण होद्य हवन, पूजन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, श्री राम नाम के जप के साथ-साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी किया जा सकता है। भव्य प्रसाद वितरण और उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हो और सायंकाल सभी घरों पर दीप जले ऐसी व्यवस्था हर घर में की जा रही है। इस क्रम में अष्टभुजा नगर वासियों के साथ उन्होंने घर-घर अक्षत वितरण अभियान में भाग लिया। लोग हाथों में ढोल मंजीरा लेकर भजन कीर्तन करते हुए अक्षत वितरण अभियान को गति प्रदान करने के साथ-साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। इस अवसर पर गृह संपर्क अभियान के सहसंयोजक डॉक्टर रंगनाथ शुक्ल, नगर संघचालक राजनारायण सिंह, विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉक्टर सौरभ पांडेय, सभासद सुनील दुबे, सभासद विनोद रजक, पूर्व सभासद और वरिष्ठ भाजपा नेत्री रमा मिश्रा, बृजेश प्रताप सिंह, राजेंद्र तिवारी, शिशिर खरे, प्रभात शर्मा, सोमनाथ मिश्र, हरिशंकर दुबे, गिरजा शंकर पांडेय, विजय शंकर मिश्र, अश्वनी पांडेय, विनोद मिश्र, जयप्रकाश दुबे आदि के साथ-साथ भारी संख्या में नगर वासी, उपस्थित रहे।


लोगों का अक्षत बांटते आरएसएस के पदाधिकारी।

# आरओबी निर्माण का रास्ता हुआ साफ प्रशासन का चला बुलडोजर

## मकान का अधिग्रहण होने के बाद मुआवजा लेने के बाद बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी लोगों ने नहीं गिराया था अपना घर

**अखंड भारत संदेश**



**टेडीमोड कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के सुजातपुर में लोगों के आवागमन के सहूलियत के लिए एक आरओबी का निर्माण जून 2021 में शुरू किया गया था। जिसके लिए आरओबी निर्माण में कई लोगों के मकान और जमीन अधिग्रहण शासन ने किया था। अधिग्रहीत किए गए लोगों को मुआवजा राशि भी शासन द्वारा दिया गया मुआवजा मिलने के बाद भी कुछ लोग अधिग्रहण किए गए मकान को नहीं गिराया था। इस वजह से आरओबी निर्माण में समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस समस्या के लिए कई बार अधिकारियों और भू स्वामियों के बीच वार्ता भी हुई। उसके बावजूद जगदीश विश्वकर्मा, श्याम लाल, लल्लू, चंद्रशेखर, बच्ची लाल, अमरसिंह और कमलदीप ने अपना कब्जा नही हटाया। जिस पर प्रशासन ने बुधवार को सुजातपुर बम्हरौली पहुंचकर सबसे पहले जगदीश विश्वकर्मा का मकान ढहाया। उसके बाद बच्ची लाल, श्यामलाल, कमल दीप का मकान बुलडोजर के माध्यम से गिराया। अमर सिंह और चंद्रशेखर ने अतिक्रमण दस्ता देखते ही अपने से मकान गिराना शुरू कर दिया। लेकिन जैसे ही बुलडोजर अमर सिंह का मकान गिराना शुरू किया तो अमरसिंह और उसका भाई जयसिंह रेलवे पटरी पर जाकर बैठ गए। जिसपर प्रशासन ने ध्वस्ती करण कार्यवाही के समय सेतु निगम के असिस्टेंट इंजीनियर आरके सिंह तोमर, नायब तहसीलदार चायल अंकिता पाठक, नायब तहसीलदार सिराथू संजय सिंह, राजस्व टीम, सेतु निगम के अन्य कर्मचारी व कड़ा धाम, कोखराज, पैंसा, एक गाड़ी रिजर्व पुलिस बल और फायर ब्रिगेड मौजूद रहा।

### घर गिराए जाने की मोहलत न देने पर अमर सिंह और उसका भाई बैठा ट्रेन की पटरी पर

**टेडीमोड कौशाम्बी।** ध्वस्तीकरण दस्ता देख अमरसिंह अपने परिवार के साथ घर गिरा रहा था। लेकिन जब बुलडोजर उसका घर गिराने लगा तो उसने प्रशासन से समय की मांग किया। लेकिन प्रशासन ने जब मोहलत देने से मना किया तो अमरसिंह और उसका भाई जयसिंह भागकर गांव के बीच से गुजरी रेलवे लाइन की पटरी पर लेट गया। उसके पटरी पर लेटते ही प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। जिस पर शहजादपुर चौकी प्रभारी किशन कुमार बिंद सहयोगियों के साथ भागकर रेलवे पटरी पर लेटे हुए अमरसिंह और उसके भाई को पकड़कर बाहर लाए। जिस पर सेतु निगम के अधिकारी ने दो दिनों में अपना अतिक्रमण हटाने को समय दिया है।

**वित्तीय अनियमितता के आरोप**

# शासन ने नगर पालिका भरवारी ईओ सुनील मिश्रा को किया सस्पेंड

भरवारी कौशाम्बी जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिशासी अधिकारी सुनील मिश्रा को शासन ने वित्तीय अनियमितता के आरोप में सस्पेंड कर दिया है,शासन ने डीएम कौशाम्बी के पत्र के आधार ईओ को सस्पेंड किया है,ईओ सुनील मिश्रा पर मैन पावर सप्लाई में अनियमितता का आरोप लगा है,वही विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की शिकायत सभासदों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित सीएम योगी से की थी,जिसके बाद शासन ने ईओ सुनील मिश्रा को सस्पेंड कर दिया है। ईओ सुनील मिश्रा की शासन से जारी विशेष पत्र पर नगर पालिका परिषद भरवारी में तैनाती हुई थी,जब से ईओ सुनील मिश्रा भरवारी में तैनात हुए तभी से इसके ऊपर सभासद विकास कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत कर रहे थे, जिसके चलते नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और सभासदों में खींचतान शुरू हो गई थी,आपसी खींचतान के चलते ईओ सुनील मिश्रा की शिकायत सभासदों ने डिप्टी सीएम सहित सीएम योगी से भी की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए इसकी जांच शासन ने डीएम कौशाम्बी से कराई और डीएम की आख्या के पत्र के आधार पर शासन से भरवारी ईओ सुनील मिश्रा को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।ईओ सुनील मिश्रा के सस्पेंड होने की खबर जैसे ही सभासदों को मिली तो उनके खुसी की लहर दौड़ पड़ी।वही ईओ के चाहने वालो के चेहरे पर मायूसी दिखाई पड़ रही है।

# डीएम ने पीएम विश्वकर्मा ट्रेनिंग सेन्टर का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**




**अझुवा कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने राजकीय आईटीआई, सिराथू में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत बनाये गये ट्रेनिंग सेन्टर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित अभ्यर्थियों को पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए भारत का नागरिक होना जरूरी है, आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम होनी चाहिए, सरकारी सेवा में कार्यरत लोग इस योजना का लाभ नहीं प्राप्त कर सकतें।

उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना-राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले एवं मोची सहित आदि क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकतें हैं इस अवसर पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य तथा अन्य गणमान्य एवं प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई केके राम सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिकायत करने गये ग्रामीणों को ग्राम प्रधान ने गाली दे कर भगाया

**अखंड भारत संदेश**

**डिप्टी सीएम के नाम पर लगातार ग्रामीणों पर गुंडागर्दी करते ग्राम प्रधान**

**ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि से शिकायत**

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कशिया पश्चिम ग्राम सभा में लोगों के जीवन मे लगातार परेशानी बढ़ती जा रही हैं जिसका कारण ग्राम प्रधान जो लगातार डिप्टी सीएम के नाम पर ग्रामीणों के साथ अत्याचार गुण्डई कर रहा है गलियों में भरा पानी गन्दगी से बजबजाती गली लोगों का जीना मुहाल कर दिया जिस गली में भरा पानी उसी गली की रकम को निकाल कर प्रधान सचिव खा गया घोटाले बाज प्रधान की लोगों ने ब्लाक प्रमुख से लिखित शिकायत किया और प्रधान, प्रधान पुत्र के आतंक से भयभीत ग्रामीण व सचिव के ऊपर कार्यवाही करने को कहा और रास्ते पर चलने वाले लोगों ने यह भी बताया कि ग्राम प्रधान से शिकायत करने गये शीतला प्रसाद ने बताया कि ग्राम प्रधान गाली गलौज देता है और कहता है कि मेरी पकड़ डिप्टी सीएम तक हैं तुमको जहां तक शिकायत करना है करो मेरा कोई कुछ नही कर सकता वही तमाम ग्रामीणों ने बताया कि डिप्टी सीएम के नाम पर ग्राम प्रधान कशिया व उसके पुत्र के रवैये से लोंगो में आक्रोश व्याप्त है लेकिन जिले के अधिकारियों को लिखित शिकायत मिलने के बाद भी कार्यवाही नहीं करने से आज राला ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने लवकुश मौर्य ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि से पुनः शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया है वही लगातार ग्राम प्रधान व सचिव की यदि जॉच करायी गयी तो कई लाख रुपये बिना कार्य के निकाल कर गमन हो गया लगातार मनरेगा योजना में भी फर्जी हाजरी भर कर सरकार के धन को लूटने में लगे ग्राम प्रधान पर आखिर क्यों जिले के अधिकारी मेहरबान है।

# सड़कों के बड़े बड़े गड्ढों मे भरा पानी आने जाने में लोगों को होती है परेशानी

**नेवादा कौशाम्बी** जिले मे भले ही रोज नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी अधिकारियों के साथ गांव गांव विकास कार्यों की गाथा गा रही है लेकिन हकीकत तो यह है कि योगी सरकार की गड्ढा मुक्त सड़कों की पोल खुल रही है जब कि उसी रास्ते से मोदी जी की विकिसित भारत संकल्प की गाड़ी गुजरती है लेकिन कोई अधिकारी ध्यान नही दें रहे हैं। चायल तहसील के तिल्हापुर मोड़ के नेवादा रोड से तिलगोड़ी आलमपुर मार्ग होते हुए लोधउर बाजार के लिए सड़क जाती है वह लोधउर गांव से बाजार तक पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं जो राहगीरों को आने जाने मे काफी कठिनाई होती है और तो और चायल तिल्हापुर मोड़ पेरवा से लोधउर बाजार जाने के लिये ब्यापारियों को वही एक सरल मार्ग है और आये दिन ब्यापारी इस सड़क पर बोझा लादकर आते जाते हैं और गिरकर चोटहिल होते हैं लेकिन आज तक कोई भी अधिकारी तनिक भी बिचार नही किया ब्यापारियो व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान इस सड़क की ओर आकृष्ट कराते हुए मरम्मत कराये जाने की मांग किया है।



# रोजगार मेले में 159 अभ्यर्थियों को दिया गया रोजगार



**कौशाम्बी।** कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह जानकारी जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा देते हुए बताया गया कि रोजगार मेले में 324 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं सनबीम ऑटोमोबाइल द्वारा 36, एडिको इण्डिया प्रा0 लि0 द्वारा 05, शिवशक्ति बायोटेक प्रा0 लि0 द्वारा 43, ब्राइट फ्यूचर ऑरगेनिक हर्बल्स प्रा0 लि0 द्वारा 35, मिण्डा फुरकमा इलेक्ट्रिक प्रा0 लि0 द्वारा 40 कुल 159 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार सोनकर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मंझनपुर हुबलाल दिवाकर जिला पंचायत सदस्य तूफान सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य राजीव मौर्या एवं तमाम समाजसेवी प्रतिनिधि उपस्थित रहें।उन्होंने शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि जो अभ्यर्थी इस रोजगार मेले में प्रतिभाग नही कर पायें हैं, वे दिनांक 06 जनवरी 2023 को एस0पी0 मेमोरियल इंजी0 कॉलेज, भीटी में विभाग द्वारा पुनः आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले मे प्रतिभाग करते हुये रोजगार प्राप्त कर सकतें हैं।

# 04 जनवरी को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत-सयांरा मीठेपुर, मोहम्मदपुर व दरियापुर, पहाड़पुर कोदन, रतगहा एवं मखदूमपुर में होगा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी** जनपद की ग्राम पंचायत-सयांरा मीठेपुर, मोहम्मदपुर व दरियापुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा पहाड़पुर कोदन, रतगहा व मखदूमपुर में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 04 जरवरी 2023 को ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

## न्यूज झरोखा

### सावित्रीबाई फुले का बड़ी धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



**हर्रायपुर कौशाम्बी** एन डी कन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज में भारत की प्रथम शिक्षिका ,कवित्री,समाज सुधारक माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सावित्रीबाई फुले के प्रयास द्वारा ही आज बालिकाओं को पढ़ने का अधिकार है इसके पहले महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था' विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने माता सावित्रीबाई फुले की जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि जब वह पढ़ाने के लिए जाती थी तो लोग उन पर कीचड़ डालते थे इन सब की परवाह किए बगैर वे निरंतर आगे बढ़ती रही और महिला मुक्ति आंदोलन की शुरूआत की इस मौके पर रामनरेश यादव ,सुनील सिंह ,अभिषेक कुमार आई बी सर ,राधा रानी ,सरोज अग्रवाल दीपिका कुमारी शिवानी यादव आकांक्षा पाल, ज्योति, नंदिता पाल,ममता,मनीषा विश्वकर्मा, अनिल कुमार ,मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे '

### प्लास्टिक व टायर जलाकर मुख्यालय में फैलाया जा रहा है प्रदूषण



**कौशांबी** किसानों के पराली जलने पर सरकार रोक लगाकर किसानों से जुमार्ना वसूल रही है जबकि जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड में होंडा एजेंसी के पास खुलेआम मुख्य सड़क पर सार्वजनिक स्थल पर पुराने टायर और प्लास्टिक जलाकर वातावरण को दूषित किया जा रहा है पुराने टायर और प्लास्टिक जलाने से उठने वाले धुँआ से लोगों का दम घुट रहा है लोग दमा के मरीज हो रहे हैं लेकिन उसके बाद नूरी कबाड़ी की दुकान में पुराना टायर और प्लास्टिक जलाकर वातावरण को प्रदूषित करने के मामले में अधिकारियों ने संज्ञान लेकर नूरी कबाड़ी पर कार्यवाही नहीं की है जिससे प्रदूषण मुक्त वातावरण की बात करने वाले अधिकारियों के कर्णमव उजागर हो रहे हैं इलाके के लोगों ने प्रदूषण फैलाने वाले नूरी कबाड़ी पर कार्यवाही की मांग अधिकारियों से की है

### 90 वर्षीय बृद्ध महिला की मौत



**मनौरी कौशांबी।** मनौरी बाजार निवासिनी शान्ति देवी गुप्ता उम्र लगभग 90 वर्ष पत्नी स्व0 राम नारायन गुप्ता का लंबी बीमारी के कारण आज बुधवार की सुबह 5:00 बजे देहांत हो गया , शान्ति देवी गुप्ता का फतेहपुर घाट पर उनके रिश्तेदारों व परिजनों द्वारा अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया,उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे !

### गैंगेस्टर एक्ट के 04 अभियुक्तों को दो दो वर्ष की सजा

**कौशाम्बी।** मोहब्बतपुर पइंसा थाना में दर्ज मुकदमा के अभियुक्त के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने गैंगेस्टर एक्ट के 04 अभियुक्तों विकास कुमार मेहतर संतोष कुमार पटेल लालचंद मेहतर व राकेश कुमार को 02-02 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है एवं 05-05 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से अभियुक्तों को दंडित किया है।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन




**नहर में टेल तक पानी न आने नहर की गंदगी सड़क पर एकत्रित होने पीने की पानी की समस्या आदि प्रमुख मुद्दे हैं**

**कौशाम्बी** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक बैठक 3 जनवरी को सेगरहा गांव में आयोजित की गई विभिन्न समस्याओं से पीड़ित किसानों ने बैठक और प्रदर्शन कर समस्याओं के समाधान की मांग की इस मौके पर दर्जनों किसान मौजूद रहे जिला अध्यक्ष राम अभिलाष तिवारी उर्फ चंदू तिवारी के दिशा निर्देश में ब्लॉक अध्यक्ष जितेन तिवारी के दरवाजे के सामने हुई बैठक में कहां गया कि सेंगरहा गांव में नहर का पानी टेल के बाद सड़क बन जाने की वजह से आगे नहीं जा पा रहा जिससे सेगरहा गांव में जगह-जगह पानी भर जाता है सिंचाई विभाग के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए किसानों ने कहा कि नहर की खुदाई कर उसका कचरा सड़क पर रख दिया गया है जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है बैरमपुर होकर के सेंगरहा पोतनिह का पुरवा घासीपुरा आदि गांव के लोगों का आवागमन बाधित हो गया है तथा गांव में पटरी के दूसरी तरफ मार्ग अवरुद्ध है जिसकी वजह से ग्रामीणों का निकलना दूबर है गांव में इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि जल जमाव की भीषण समस्या है विकास का कोई रास्ता नहीं है अधिकारियों को समाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है की तत्काल इन समस्याओं पर ध्यान दिया जाए नहीं तो भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता बैरमपुर सड़क पर धरना प्रदर्शन करेंगे किसानों ने कहा कि समय रहते अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है गांव गांव मार्ग की भीषण समस्या है तथा देवी दयाल के दरवाजे लगा सरकारी हैंड पंप को प्रधान के द्वारा खोल दिया गया है जिसमें आधा गांव पानी भरता है उन ग्रामीणों का पानी पीने की विकराल समस्या पैदा हो गई है खंड विकास अधिकारी को अवगत कराने के बावजूद उन्होंने यह करके रद्दी में डाल दिया जब तुम्हारे गांव में सरकारी टंकी से पानी आना शुरू होगा तब यह समस्या दूर होगी इस पर हम कुछ नहीं कह सकते जिससे ग्रामीणों को पानी पीने की विकराल समस्या है जिला प्रवक्ता चंद्रभूषण सोनी ने जल्द ही अधिकारियों से मिलकर इस समस्या के लिए कदम उठाया है बैठक में अशोक दुबे बनवारी लाल रामदास भेदीलाल और मोतीलाल लालजी तिवारी संतोष तिवारी संतलाल तिवारी और बच्चा पासी सुमित्रा देवी कौशल्या देवी संतरा देवी पतंगी देवी आदि तमन किस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राला व उलाचूपुर ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित



**कोखराज कौशाम्बी** जनपद कौशांबी के सिराथू तहसील के अन्तर्गत, उलाचूपुर, ग्राम प्रधान मो.आमिर के सहयोग से विकसित भारत संकल्प भारत यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई राला ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो. मुजाहिद व प्रधान अरविंद कुमार, मंच पर उपस्थिति विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्या,सांसद प्रतिनिधिआशीष सोनकर, संजय जायसवाल महामंत्री,पूर्व भाजपा विधायक प्रतिनिधि मुन्ना, जनपद कृषि वैज्ञानिक मनोज सिंह, ने मीटिंग में सरकार के कोरोना काल में जनता को फ्री राशन,स्कूलों को उच्च व्यवस्था, शिक्षा गुणवत्ता के कायाकल्प व समृद्ध भारत आत्मनिर्भर भारत पी एम विश्वकर्मा स्वरोजगार योजना के बारे में जनता को जानकारी दिया सिराथू तहसील विकास खण्ड अधिकारी भवेश शुक्ल, ए डी ओ पंचायत विश्व बंधु, ए पी ओ अशोक कुमार, अवर अभियंता लघु सिंचाई रामचंद्र यादव, ग्राम विकास अधिकारी विनय सिंह, लवकुश यादव, रामकुमार, शबीहुल, सोनू यादव, आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

# कतर में भी बजा भारत का डंका !!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की कूटनीति का डंका पूरे विश्व बज रहा है, इसी के परिणाम स्वरुप कतर से एक प्रसन्नतादायी समाचार आया है जिससे हर भारतवासी गर्व का अनुभव कर रहा है। कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा से राहत मिल गयी है।

दोहा स्थित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलाजी में कार्यरत भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को कतर में इजरायल के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था । इन नौसेनिक अधिकारियों में राष्ट्रपति स्वर्ण पदक विजेता कैप्टन नवतेज गिल के अलावा कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी,अमित नागवाल, एस के गुप्ता, कमांडर वी के वर्मा सुगुनकर पाकला और रागेश शामिल हैं। 26 अक्तूबर 2023 को कतर के एक न्यायालय ने इन अधिकारियों को फांसी की सजा सुनाई थी फिलहाल अब इन सभी अधिकारियों को फांसी की सजा से राहत मिल चुकी है हालांकि अभी वह सभी जेल में ही रहेंगे। भारत और कतर के मध्य एक ऐसा समझौता भी है जिसमें यह सभी भारतीय अपने ही देश की जेल में सजा को काट सकते हैं। भारत सरकार अपने पूर्व सैनिकों के परिवारो से संपर्क में है और उन्हें लगातार सहायता पहुचाई जा रही है।

कतर से यह समाचार ठीक उस समय आया जब कांग्रेस नागपुर में अपने स्थापना दिवस के अवसर पर एक बड़ी रैली का आयोजन कर रही थी और इस समाचार के आते ही कांग्रेस की रैली का मीडिया कवरेज हाशिए पर चला गया । कांग्रेस जैसे ही नकारात्मक विचारों के साथ प्रधरानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि धूमिल करने का प्रयास करती है वैसे ही सकारात्मक समाचारों के आ जाने से प्रधानमंत्री मोदी की छवि में और निखार आ जाता है ।

जब कतर की एक अदालत ने नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई थी तब कांग्रेस सहित विपक्ष के कई नेताओं ने मोदी सरकार और उसके कामकाज करने के तरीके पर हल्ला बोल दिया था। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी, प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र और अन्य नेताओं ने संसद से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म तक सभी जगह सरकार पर हमला बोला था। मनीष तवारी ने झूठा और मनगढंत आरोप लगा दिया था कि विदेश मंत्री और विदेश मंत्रालय ने न तो पूर्व नौसैनिकों के परिजनों की बात को गंभीरता से लिया और नहीं एक्स सर्विसमैन की बातों को। हैदराबाद से सांसद असदुददीन ओवैसी ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह (प्रधानमंत्री) इस बात की शेखी बघारते हैं कि इस्लामी देश उनसे कितना प्यार करते हैं। भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया समूह भी मनगढ़ंत समाचार चला रहे थे। बहुत से मोदी विरोधी लोग इस घटनाक्रम को इजरायल- हमास युद्ध से जोड़कर भी देख रहे थे और कह रहे थे कि भारत जिस प्रकार से इजराइयल का समर्थन कर रहा है कतर की अदालत का यह फैसला भारत को भी जंग में फंसाने व परेशान करने के लिए आया है।

अब कतर की अदालत से नया फैसला आने के बाद मोदी विरोधी एजेंडाधारियों की आवाज कुंद पड़ गयी है। सभी कुतर्की विचार रखने वाले लागों को अब सटीक जवाब मिल गया है। कतर से आये फैसले से मोदी की गारंटी को और बल मिल गया है। मोदी विरोधी चाहे जो कहें किंतु यह बात तो तय है कि कतर की अदालत से यह फैसला प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति के कारण ही आया है। एक माह पूर्व ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल धानी से दुबई में मुलाकात की थी । दो दिन बाद ही प्रधानमंत्री ने लिखा था कि दुबई में काप 23 सम्मेलन में कतर के अमीर से मिला था जिनसे द्विपक्षीय साझेदारी की संभावना और कतर में भारतीय समुदाय की भलाई पर हमारी अच्छी बात हुई है और एक माह बाद ही परिणाम सामने आ गया है।

कतर को शायद मोदी जी ने यह बता दिया होगा कि कतर की कुल आबादी में 40 प्रतिशत भारतीय हैं कतर आटा, दाल, चावल जैसी महत्वपूर्ण वस्तुएं तो भारत से ही लेता है।

यह मोदी की ही गारंटी है कि वह दुनिया किसी भी हिस्से से संकट में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर ले आयेंगे। अफगानिस्तान में तालिबान संकट हो या रूस -यूक्रेन युद्ध या फिर इजरायल -हमास जंग सभी के बीच से भारत अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालकर लाया यहीं नही भारत की मदद से दूसरे देशों के नागरिक भी सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे।

विपक्ष को प्रधानमंत्री नरेंद्र मेदी की ओर से एक और झटका मिलने जा रहा हे क्योंकि वे 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाने के बाद यूएई के अबूधाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी सम्मिलित होने जाएंगे यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह 14 फरवरी 2024 को होना है। यह यूएई का पहला हिंदू मंदिर है जो 55 हजार वर्ग मीटर में बना है।

प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति और हिंदू नीति निरंतर आगे बढ़ रही है और कांग्रेस अपनी नकारात्मक विचारधारा के वशीभूत नकारा होती जा रही है।

# यह क्या हो गया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

पहले दांपत्य संसार अंधेरे में और जीवन उजाले में होता था। अब दांपत्य उजाले में और जीवन अंधेरे में है। जिसे ढकना चाहिए उसे खुला और जिसे खुला रखना चाहिए उसे ढका जा रहा है। पहले मांसाहार से अधिक लोग दूर रहते थे, अब कुछ लोग ही उसकी माया से बच पा रहे हैं। पहले परिवार में कोई समस्या आती तो घर के बड़े-बुजुर्ग उसे दूर कर देते, अब पारिवारिक कलहों की समस्या बड़े-बुजुर्ग खुद बनते जा रहे हैं। पहले खाने के लिए कमाया जाता था, अब कंप्यूटर के आगे गद्दीदार कुर्सी पर बैठे कमाई हुई मोटी रकम से बढ़ती चर्बी को घटाने के लिए वाकिंग करना पड़ रहा है।

पहले लोग फल-फूल, दूध खा-पीकर बलवान रहा करते थे। संतानहीनता की कोई समस्या नहीं हुआ करती थी। किंतु अब दाम्पत्य जीवन चलाने के लिए दवाइयाँ खानी पड़ रही हैं। संतान के लिए फर्टिलिटी सेंटर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पहले सभी शरीर से हार्डवेयर और दिल से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हुआ करते थे। किंतु अब सभी शरीर से सॉफ्टवेयर और दिल से हार्डवेयर इंजीनियर हो गए हैं। पहले वैद्य घर-घर घूमकर इलाज करता था। सरदर्द के लिए झंडूबाम काफी था। अब सरदर्द का इलाज करने के लिए घर बार बेचना पड़ रहा है। पहले चोर घर में घूसकर चोरी करते थे। अब वे घर बैठे ही मोबाइल से चोरी कर रहे हैं।

पहले अनपढ़-अशिक्षित चोर उचक्के बना करते थे। अब पढ़े-लिखे चोरी करने के लिए नए-नए साइबर कोर्स कर रहे है। पहले उधारी करना सिर झुकाने वाला काम था। मन दुखी हो उठता था। अब उधारी करना स्टेटस की निशानी है। विश्वास न हो तो क्रेडिट कार्ड ही ले लें। आज क्रेडिट कार्ड रखने वाला अमीर और डेबिट कार्ड रखने वाला गरीब कहलाता है। पहले चीन से एक-दो वस्तुएँ ही आती थीं, अब तो लगता है कि हम चीन में ही रह रहे हैं। हर चीज में चीन ही छाया हुआ है। सोचिए यह हमारी उपलब्धि है या फिर हमारा दुर्भाग्य।

# पक्षियों का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

**(ललित गर्ग)**

देश एवं विदेशों में विलुप्त हो रही विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिये वर्तमान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस की प्रासंगिकता बढ़ी है। हर साल 5 जनवरी को प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद, पक्षी रक्षक और पक्षीप्रेमी इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के प्रति प्यार जताने एवं उनके संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होने का एक खास दिन है। 2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरूआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं। भारत में भी इस दिवस को मनाने की विशेष प्रासंगिकता है, क्योंकि यहां भी अधिकांश पक्षी प्रजातियों को गंभीर भविष्य का सामना करना पड़ रहा है या वे विलुप्तता की कगार पर है।



संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है। अक्टूबर में प्रकाशित यूएस नॉर्थ अमेरिकन बर्ड कंजर्वेशन इनिशिएटिव की 2022 स्टेट ऑफ बर्ड्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में आधे से अधिक पक्षी प्रजातियों में गिरावट आ रही है और लगभग सभी आवासों में इन पक्षियों की आबादी कम हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में पक्षियों की लगभग 70 प्रजातियों ने अपनी आबादी का कम से कम आधा हिस्सा खो दिया है और अगर संरक्षण के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई तो अगली आधी सदी में वे बाकी आधी आबादी खो देंगे। भारत में भी पक्षी विलुप्ति एक गंभीर मुद्दा है जिसका हमें ध्यान रखना चाहिए। भारत सहित दुनिया में धीरे-धीरे विलुप्त हुए कुछ पक्षियों के नाम हम देखते है जैसे जंगली उल्लू, बेयर पोचार्ड, जॉर्डन कोर्टर, भारतीय गिद्ध, हिमालयन बटेर, साइबेरियन क्रेन, बंगाल फ्लोरिकन दुबला-पतला गिद्ध, सोसिएबल लैपविंग, लाल सिर वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला गिद्ध, महान भारतीय बस्टर्ड, सफेद पेट वाला बगुला, गुलाबी सिर वाली बतख, स्पून-बिल्ड सैंडपाइपर, गौरेया, मोर आदि। मनुष्य के जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें पक्षियों की संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संगठित कार्रवाई की आवश्यकता है। जब हम पक्षियों को संरक्षित रखते हैं, तो हम अपने आप को और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण का उपहार देते हैं।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरेया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। वृक्षारोपण, जैविक खेती को बढ़ाकर तथा माइक्रोवेव प्रदूषण पर अंकुश लगाकर पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी।

पृथ्वी पर हमें विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी मिलते हैं, जो हमारे प्राकृतिक वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा एवं प्रकृति संतुलन का सशक्त माध्यम हैं। दुनियाभर में जानवरों और पक्षियों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। यह गिरावट न केवल पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण हो रही है, बल्कि मुख्य रूप से मनुष्य की असंवेदनशील गतिविधियों और उनकी अज्ञानता के कारण भी हो रही है। इंसानी गतिविधियां जैसे नगरीकरण, उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिकतम उपयोग, वायु यातायात और भूमि संपत्ति की विस्तार योजनाएं हैं। पक्षी विलुप्ति एक गंभीर समस्या है, क्योंकि पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान हमारी प्राकृतिक पेयजल और खाद्य सुरक्षा में होता है। पक्षियों को बीज और फल बोने, उगाने और फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य मिलता है, जिससे वनस्पतियों का प्रजनन होता है। इसके अलावा, पक्षी भी कीट-नियंत्रण करने में मदद करते हैं, जो हमारे खेती और फसलों को सुरक्षित रखता है। पक्षियों का एक और महत्वपूर्ण योगदान हमारे बायोडायवर्सिटी की सुस्थिति बनाए रखना है। पक्षियों के संकट ग्रस्त होने से हमारे प्राकृतिक परिदृश्य, बायोलॉजिकल संतुलन और वातावरणीय सेवाओं में कमी आती है। जंगलों की कटाई, अनुचित वन्यजीव व्यापार, औद्योगिकीकरण, वन, आग, जल प्रदूषण, हवा प्रदूषण, जैव उपयोग और जलवायु परिवर्तन के कारण पक्षियों के आवास की हानि हो रही है। इसके अलावा, जीवाश्मी शस्त्रधारी पक्षी जैसे कीटों और रोगों के आक्रमण के कारण भी पक्षियों की संख्या में गिरावट होती है।

पक्षियों को विलुप्ति से बचाने के लिये हमें अपने जीवन शैली में सतत वन्यजीवों के लिए स्थान छोड़ना होगा, जैसे कि उनके आवास के लिए उपयुक्त वन, नदी और झीलों की सुरक्षा और सफाई का ध्यान रखना होगा। हमें जैव उपयोग पर नियंत्रण लगाना होगा। कीटनाशकों का सतत उपयोग रोकना चाहिए और पर्यावरण के प्राकृतिक तरीकों से कीटों और रोगों का नियंत्रण करना चाहिए। वन्यजीवों के आहार और आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न संगठनों, सरकारी निकायों और जनसाधारण को मिलकर काम करना चाहिए। हमें प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न सुरक्षा क्षेत्रों और अभयारण्य की स्थापना करनी चाहिए। जनसंचार और शिक्षा के माध्यम से लोगों को पक्षियों के महत्व के बारे में जागरूक करना चाहिए और उन्हें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे अपने आसपास के पक्षियों के लिए संरक्षण कार्यों में सहभागी बन सकें।

मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की द्यरॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डसद्ध ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को द्यरेड लिस्टद्ध में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है।

मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अनेक कारणों से उसकी संख्या भी घट रही है, जबकि मोर एक बहुत ही सुन्दर तथा आकर्षक पक्षी है। यह भारत के सभी क्षेत्रों में पाया जाता है। मोर के सर पर मुकुट जैसी खूबसूरत कलंगी होती है। इसकी लम्बी गर्दन पर सुन्दर नीला मखमली रंग होता है। मोर की मादा मोरनी कहलाती है। मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण ही भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1963 को इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था। हमारे पड़ोसी देश म्यांमार और श्रीलंका का राष्ट्रीय पक्षी भी मोर ही है। मोर का शिकार भारत में पूर्णतया प्रतिबंधित है। इसे भारतीय वन्य-जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत पूर्ण संरक्षण दिया गया है फिर भी मोर का बड़ी मात्रा में शिकार हो रहा है।

मोर एवं गौरेया पक्षी की भांति अनेक पक्षी प्रजातियां मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। भोजन की कमी होने, घोंसलों के लिए उचित जगह न मिलने तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है।

# भारतीय सड़कों पर जिम्मेदारी की भावना लाएगा हिट एंड रन बिल?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हिट एंड रन मामले वे होते हैं जहां सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन का चालक घटनास्थल से भाग जाता है। भारतीय न्याय संहिता में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत के लिए जेल की सजा को बढ़ाकर सात साल तक की जेल और जुमार्ना करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। आईपीसी की धारा 304ए के तहत मौजूदा प्रावधान, जो द्यदो साल तक की जेल या जुमार्ना या दोनोंद्ध का प्रावधान करता है। ये प्रस्तावित प्रावधान गलती करने वाले ड्राइवरों के लिए निवारक साबित होने की संभावना है, जो अक्सर जुमार्ना देकर बच जाते हैं या कम जेल की सजा काटते हैं। वर्तमान में, हिट एंड रन मामलों में आरोपियों पर उनकी पहचान के बाद धारा 304ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है और इसलिए वे ज्यादातर मामलों में मामूली सजा के साथ भी बच जाते हैं। धारा 104 (2) के तहत नए प्रावधान कोई लापरवाही से या गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आने वाले किसी भी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है और घटना स्थल से भाग जाता है या घटना की रिपोर्ट करने में विफल रहता है। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को 10 साल तक की कैद की सजा दी जाएगी और इसके लिए उत्तरदायी भी होगा।



हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाए गए कानूनों की व्याख्या करता है। सड़क दुर्घटना के आंकड़े बताते हैं कि कैसे सड़कें हर किसी के लिए असुरक्षित जगह बन गई हैं। भारत में सभी सड़क दुर्घटनाओं में से 30 प्रतिशत से अधिक हिट-एंड-रन के मामले हैं, लेकिन हिट-एंड-रन दुर्घटना के केवल 10 प्रतिशत ड्राइवरों पर ही मामला दर्ज किया जाता है। दूसरे व्यक्ति की सुरक्षा के प्रति चिंता की कमी, लापरवाही से गाड़ी चलाना आम हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में ऐसा कानून शामिल है जो हिट-एंड-रन दुर्घटना में शामिल व्यक्ति को कड़ी सजा देता है। हिट-एंड-रन की घटनाओं के पीड़ितों पर आईपीसी की धारा 279, 304ए और 338 लगाई जाती हैं।

लापरवाही से गाड़ी चलाने और हिट एंड रन के मामलों में सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में भारतीय सड़कों पर हिट एंड रन के मामलों में कुल एक लाख से अधिक लोग मारे गए। आमतौर पर वर्तमान में पुलिस जांच अधिकारी आईपीसी से संबंधित धाराओं में प्रशिक्षित होते हैं और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में शायद ही जानते हों।

इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि पुलिस अधिकारी एमवी अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके प्रावधानों को भी समझें ह्व प्रस्तावित विधेयक में तेज गति से या लापरवाही से गाड़ी चलाने से मानव जीवन को खतरे में डालने या किसी अन्य व्यक्ति को चोट या चोट पहुंचाने की संभावना के लिए आईपीसी के समान प्रावधान को बरकरार रखा गया है। ऐसे अपराध के लिए छह महीने तक की जेल या 1,000 रुपये तक जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है। यह सर्वविदित है कि भारत दुनिया के सबसे अधिक दुर्घटना-प्रवण देशों में से एक है, जहां लगभग 1,50,000 मौतें होती हैं, जो दुनिया भर में मोटर वाहनों से संबंधित सभी मौतों का 10% है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। यहां तक कि सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन भी इस मामले में हमसे पीछे है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार; भारत में हर साल लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनमें लगभग 1।5 लाख लोग मारे जाते हैं। जहां तक सड़क सुरक्षा का सवाल है, अनुशासन अनिवार्य है। अगर इसे सही भावना से लागू किया जाए, तो कानून न केवल कठोर दंड लगाकर सभी की सड़क आदतों को बदल सकता है, बल्कि नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का भी प्रयास कर सकता है। यह बिल के पारित होने के बाद एक कुशल, सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन प्रणाली प्रदान करेगा। यदि इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा।

# देश के आर्थिक विकास में नवप्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार,चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## दिव्यांगों में होती है अद्भुद क्षमताः जिपं अध्यक्ष

**लुई ब्रेल का 17वां महोत्सव**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की मौजूदगी में दृष्टि संस्था शंकर बाजार कर्वी में दो दिवसीय 17वां लुई ब्रेल महोत्सव का शुभारंभ लुई ब्रेल के चित्र व मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर माल्यार्पण कर किया।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लुई ब्रेल महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों व अन्य प्रदेशों से आए दिव्यांग छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व दृष्टि संस्था के छात्र-छात्राओं का हार्दिक स्वागत कर कहा कि हर्ष का विषय है कि लुई ब्रेल का 17वां महोत्सव मनाया जा रहा है। दृष्टि संस्था के महासचिव शंकरलाल गुप्ता ने कम समय में जन सहयोग से संस्था को बड़ा रूप दिया है। नया परिसर बनाने को अशोह में जगह लेकर विकास कर रहे हैं। सेवा भावना से संस्था बढ़ी है, जो दृष्टि बाधित छात्र-छात्राओं को मुख्य धारा से जोड़ रहे हैं। शिक्षा, खेल, व्यवसाय, नौकरी क्षेत्र में बढ़ावा दे रहे हैं। सीएसआर फंड से संस्था को सहयोग करेंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि कार्यक्रम से जुड़ना उनका सौभाग्य है। संस्था के शंकर लाल गुप्ता व पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए जन सहयोग से संस्था को खड़ा कर दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शिक्षा दे रहे हैं। जिले में इसी प्रकार जगद्गुरु रामभद्राचार्य भी दिव्यांग विश्वविद्यालय खोलकर छात्र-छात्राओं को शिक्षा दे रहे हैं। दिव्यांगों में सीखने की अद्भुद क्षमता होती है।

दृष्टि संस्था महासचिव शंकरलाल गुप्ता ने जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष आदि का स्वागत करते हुए कहा कि 17वां लुई ब्रेल महोत्सव मनाया जा रहा है। नेत्रहीनों के पढ़ने-लिखने की कोई व्यवस्था नहीं थी। संस्था के पीडी गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। संचालन संस्था के बलबीर सिंह ने किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ध्वजारोहण कर शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, जबलपुर के शिव शंकर कपूर, संस्था के शिवबरन त्रिपाठी, विजय चंद्र गुप्ता, अरुण गुप्ता, प्रधानाचार्य श्रीमती वर्षा गुप्ता आदि मौजूद रहे।



लुई ब्रेल महोत्सव में बोलते जिला पंचायत अध्यक्ष।

## उत्साहित हैं कार्यशाला से लौटे प्रधान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन ने जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र के सहयोग से जिले के मानिकपुर ब्लाक के खरौंध गांव के प्रधान लवकुश यादव व पहाडी ब्लाक के पथरामानी गांव के प्रधान राघवेंद्र सिंह को राजस्थान प्रान्त के बग्गर जिले में पिरामल लीडरशिप स्कूल में तीन दिवसीय कार्यशाला को भेजा।

ये कार्यशाला 27 से 30 दिसम्बर तक चली है। कार्यशाला में देश के सभी आकांक्षी जिलों से दो-दो प्रधान बुलाये गये थे। कार्यशाला में गांव के विकास को योजना विकसित की गई। प्रधानों को गांव के विकास योजना को एक्सपर्ट प्रशिक्षकों ने बेहतर जीपीडीपी बनाने को प्रेरित किया। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियां कराई गई, जो उनकी समझ को और विकसित करने में सहयोग दे रही हैं।


कार्यशाला से लौटे प्रधान आदि।

कार्यशाला से लौटने के बाद दोनों प्रधान खासे उत्साहित हैं। प्रधानों ने बताया कि गांव के विकास को योजना बनाने में बहुत सहयोग मिलेगा। ये समझ गांव के विकास में उपयोगी साबित होगी।

## बहराइच ने परवई को एक रन से हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट ग्रुप सी का लीग मैच बहराइच व परवई के बीच हुआ। बहराइच ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.4 ओवर में ऑल आउट हो गई। 126 रन बनाकर 127 रन का लक्ष्य दिया। बुधवार को चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम में बहराइच की ओर से बल्लेबाजी करते हुए प्रशांत ने 21 गेंद में 28 रन, प्रदीप ने 20 गेंद में 33 रन बनाये। परवई की ओर से गेंदबाजी करते हुए धर्मेंद्र ने पांच ओवर में 22 रन व दो विकेट, रूपेश ने पांच ओवर में 33 रन व तीन विकेट लिये। लक्ष्य पाने को परवई टीम खास प्रदर्शन नही कर सकी। 25 ओवर में नौ विकेट खो कर 125 रन बना सकी। परवई के बल्लेबाज सुमित 36 गेंद में 19 रन, नरेंद्र ने 8 गेंद में 18 रन बनाये। बहराइच से गेंदबाजी करते हुए प्रशांत ने पांच ओवर में दस रन व तीन विकेट, कृष्णा ने पांच ओवर में दस रन व तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। इस मुकाबले को बहराइच ने एक रन से अपने नाम किया।

आज के मुख्य अतिथि श्याम गुप्ता, विशिष्ट अतिथि अवनीश गुप्ता एड, वीरेंद्र पांडे नेट विजन, वार्ड मेम्बर कान्हा गुप्ता, फिरोज अंसारी, मैच के अंपायर विजय भारद्वाज, ऋषि, स्कोरर सौरभ नाहर, दीपक मिश्रा, राकेश मिश्रा, समसुद्दीन खान, इरफान खान, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, लल्लू रैकवार आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

## सात को व्यापारी महाकुम्भ में रोजगार को होगा मंथनः शानू

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** छह-सात जनवरी को होने वाले दो दिवसीय व्यापारी महाकुंभ को लेकर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/संयोजक शानू गुप्ता ने कहा कि दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी महाकुंभ से व्यापारियों का शंखनाद होगा। प्रदेश से लेकर देश के अन्य प्रदेशों से उद्योगपति व व्यापारी श्रीजी भवन में सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

बुधवार को शहर के एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुए व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि महाकुम्भ से चित्रकूट समेत कई प्रदेशों से व्यापारी आ रहे हैं। पर्यटन उद्योग, व्यापार व रोजगार तथा राजनीति के मद्देनजर चित्रकूट में उद्योगपतियों की नजर हो, उद्योगों की स्थापना व रोजगार को उद्योपतियों को प्रेरित किया जाएगा। ई-कामर्स कारोबार व व्यापारिक समस्याओं पर मंथन होगा। दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी महाकुंभ में प्रदेश के नगर विकास मंत्री राकेश राठौर, दिल्ली प्रदेश के निवर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, दिल्ली सरकार के विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल, उप्र के चर्चित उद्योगपति राजेश मसाला के निदेशक राजेश अग्रहरि, श्याम ग्रुप के निदेशक विदुप अग्रहरि, तिरंगा ग्रुप के निदेशक पं नरेंद्र शर्मा, बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, श्याम धूप के निदेशक श्याम जी, नंदनी ग्रुप निदेशक मनोज, लिओन ग्रुप के निदेशक अशोक अग्रवाल, आइडिया पायल के निदेशक रितेश अग्रवाल, माफिया राइस के निदेशक ओमकारनाथ केसरी बाबा, भूतेश्वरी कम्पनी के निदेशक कृष्ण कुमार लल्लू समेत नामचीन उद्योगपति महाकुंभ में शामिल होंगे। छह जनवरी को उप्र कार्यसमिति का अधिष्ठापन भी होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, महिला जिलाध्यक्ष सकुन्तला गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष किशन सोनी, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, प्रदेश मंत्री विनोद केसरवानी, मंडल मंत्री विनोद आर्य, मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल आदि मौजूद रहे।



पत्रकारों से बात करते शानू गुप्ता आदि।

## दम्पति में सुलहः माला पहनाकर खिलाई मिठाई


सुलह कराती पुलिस टीम।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर दम्पति के आपसी विवाद को सुलझाकर परिवार परामर्श केन्द्र ने सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया। बुधवार को कोतवाली कर्वी के द्वारिकापुरी भैरोंपागा की श्रीमती मनीषा पत्नी विनोद ने एसपी को दिये पत्र में कहा कि पति विनोद गाली-गलौज कर मारपीट कर घर में घुसने नहीं दे रहा। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी दरोगा श्रीमती गुड्डी देवी व महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही मंजूलता पाल व सुरुचि चैधरी ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को केंद्र बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। पति-पत्नी ने एक-दूसरे को फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलायी।

## गुरुवार को होगा मानचित्र समाधान दिवस

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में मंजूर भवन मानचित्रों के निस्तारण को प्राधिकरण ने प्रत्येक माह के प्रत्येक गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस अपरान्ह एक बजे से शाम पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में होता है। जनवरी में 4, 11, 18 व 25 को समाधान दिवस में सम्बंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता मौजूद रहेंगे। सम्बंधित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निस्तारण कर भवन मानचित्र मंजूरी की कार्यवाही की जायेगी।

## तमन्नाओं के शहर पाने को, चलना है जरूरी

**एसपी वृन्दा शुक्ला का याद रहेगा बीता वर्ष**

राजेन्द्र पाण्डेय

**चित्रकूट।** काम करो ऐसा कि एक पहचान बन जाये, हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाये- यहां जिन्दगी तो हर कोई काट लेता है, जिन्दगी जियो इस कदर कि मिशाल बन जाये- पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने जिले में कुछ इसी अंदाज में काम किया है। वे जब जिले में आईं थी तो लोगों को प्रतीत हुआ कि ये कुछ खास नहीं कर सकेंगी, लेकिन उन्होंने दस फरवरी 2023 को निखत बानो जेल कांड से ऐसी सुर्खियां बटोरी कि एक मिशाल बन गईं।

बीते साल दस फरवरी को जिला कारागार रगौली में कुछ ऐसा हुआ कि पूरे देश में एसपी वृन्दा शुक्ला छा गईं। उन्होंने डीएम अभिषेक आनन्द के साथ जिला कारागार में छापेमारी कर माफिया सरगना मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो अंसारी को जेलर के कमरे में दबोच लिया। फिर तो ये कांड ऐसा छाया कि जेलर, जेल अधीक्षक समेत तकरीबन दस लोगों को जेल की हवा पहली बार खानी पडी। इस मामले के खुलासे पर उन्हें राज्यपाल ने सम्मानित भी किया, ये और भी गौरव की बात रही।


एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला।

एसपी वृन्दा शुक्ला के कार्यकाल में यूं तो जिस किसी ने अपराध किया, उसका हर हाल में खुलासा हुआ है। बीते साल अदालतों ने अपराधियों को सजा देने का ऐसा सिलसिला शुरू किया कि 441 लोगों को सजा हुई। महिला संबंधी 48 मामलों में 69 व 21 मामलों में 44 को आजीवन कारावास की सजा हुई। नौ मामले में दस दोषियों को बीस वर्ष की सजा व 27 मामलों में 37 को दस वर्ष या इससे ज्यादा की सजा हुई है। मजे की बात ये रही कि मऊ थाना क्षेत्र के पाक्सो एक्ट के मामले में 28 दिन में ट्रायल बाद दोषी को आजीवन कारावास हुआ। विवेचक व कोर्ट पैरोकार को प्रथम पुरस्कार मिला। यातायात व्यवस्था में 29421 वाहनों का चालान कर पांच करोड 78 लाख 24 हजार सात सौ रुपये के ई-चालान हुए। 294 वाहन सीज हुए। शान्ति व्यवस्था कायम रखने में 26006 पर मिनी गुण्डा एक्ट व न्यायालय से 25018 को पाबन्द कराया। साइबर सेल में भी 305 पीडितों के 2537784 रुपये विभिन्न बैंकों में फ्रीज कराये हैं। 86 पीडितों के 3312712 रुपये खातों में लौटाये हैं। 114 पर गुण्डा एक्ट व 497 पर मिनी गुण्डा एक्ट हुआ है। कुल मिलाकर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के लिए बीता वर्ष उपलब्धियों से सराबोर रहा। इसीलिए कहते हैं- जिन्दगी छोटी सी है, कुछ ऐसा करें, दूसरे प्रेरणा लें, नहीं सारे कमाल बेकार मानिये। सोंचने से कहां मिलते हैं तमन्नाओं के शहर, चलना भी जरूरी है मंजिल पाने के लिए- बस यहीं पर बात खत्म।

## भीषण ठंड में एएसपी से कंबल पा गरीबों के चेहरे खिले

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने भीषण ठंड में पहाड़ी ब्लाक के अरछा बरेठी गांव में गरीबों को कंबल बांटे।

बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि जरूरतमंदों की समय-समय पर सेवा कर पायनियर्स क्लब पुनीत कार्य कर रहा है। हर सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। गांव की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि पुलिस आपकी सेवा में तत्पर है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि संस्था कई वर्षों से ग्रामीण अंचलों में जरूरतमंदों की मदद करती है। अरछा बरेठी गांव में चैपाल लगा सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल बांटे गये। ग्रामीणों को शासकीय सुविधाओं की जानकारी दी। लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। हर व्यक्ति को जीवन काल में वृक्षारोपण करना चाहिए। नोडल मिशन शक्ति/ सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि मुख्यालय से दूर गांव में जरूरतमंदों के बीच पायनियर्स क्लब ने सराहनीय कार्य किया है। लोग महिला हेल्पलाइन 1090 व 112 याद रखें। किसी मुसीबत में इन नंबरों को डायल करने पर कुछ पलों में पुलिस आपके पास मौजूद मिलेगी। समाजसेवी शंकर यादव ने अतिथियों व क्लब पदाधिकारियों के कंबल बांटने के प्रति आभार जताया।

इस मौके पर सीओ एलआईयू अनुज कुमार मिश्रा, सरधुआ थानाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय, पायनियर्स क्लब के डॉ सीताराम गुप्ता, डॉ श्रीराम अग्रवाल, अमित अग्रहरि, मीडिया प्रभारी अशोक द्विवेदी आदि मौजूद रहे। शिविर में विशंभर, ज्ञानचंद, सरजो यादव, रामसिया, रामचरित, महेश, हर्षवर्धन, कल्लू यादव, संतोष कुमार विश्वकर्मा, चंद्रिका यादव, जानकीशरण यादव, जगरूप कुशवाहा आदि ने सहयोग किया।



कंबल बांटते एएसपी व सीओ।

## नहीं है कोई समस्याः डीएसओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेण्डर, डीजल व पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में है। दो जनवरी की रात 16 टैंकर डीजल-पेट्रोल आपूर्ति हुई है। एलपीजी गैस आपूर्ति भी प्लांट से निर्बाध जारी है। आम जनता से अनुरोध है कि किसी प्रकार की अफवाह में न आये। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

## ग्रामीण लगा रहे गुहार, कोई नहीं सुन रहा पुकार

**दबंगों ने हैण्डपम्प किया अन्दर**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के तौरा गांव अनूसूचित जाति बस्ती में सड़क किनारे लगे सरकारी हैंडपंप दीवार खड़ी कर दबंगों ने बाधित कर दिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी समेत थानाध्यक्ष से सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की है। कार्यवाही के नाम पर लीपापोती हो रही है।

बुधवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व अन्य जिम्मेदारों को लिखे पत्र में कहा कि गांव के रास्ते नंबर 271/1 में सरकारी हैंडपंप को दबंग राजेन्द्र, छोटा पुत्र मइयादीन, संतोष उर्फ संतू पुत्र रामपाल व राममोहन पुत्र संतोष ने रास्ते पर अतिक्रमण कर हैंडपंप की चरही तोड़कर दीवार खड़ी कर हैंडपंप अंदर कर लिया है। हल्का लेखपाल लाल बहादुर व चकबंदी लेखपाल ने मुआयना कर काम रोकवाने की बजाय निर्माण करवा दिया है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटवा रहे हैं। दबंग सरकारी हैंडपंप को दीवार के अंदर कब्जा कर लिये हैं।

## सरकारी तंत्र सहारे डूबती नैय्या पार लगाने की तैयारी

**विकसित भारत संकल्प यात्रा का सच**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आगामी लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी दल को पराजय का भय साफतौर पर नजर आ रहा है। सत्ताधारी दल पुनः सत्ता हासिल करने को नामचीन नेताओं को गांव-गली में उतार कर जन कल्याणकारी योजनाओं बाबत बखान में लग गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के नाम पर भाजपाई इन दिनों जोर-शोर से गांव-गली की खाक छान रहे हैं। अधिकारी व कर्मचारी को भी शामिल किये हैं। प्रधानों- सचिवों समेत सहायक विकास अधिकारियों व बीडीओ को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा करा रहे हैं। इस यात्रा में भीड़ जुटाने को प्रधानों को खासी मशक्कत करनी पड रही है। नन्हे-मुन्हे नौनिहालों को भी भीड़ का हिस्सा बनाने में संकोच नहीं कर रहे। टेंट, कुर्सी, मेज, माइक, साउंड सिस्टम व्यवस्था के नाम पर खर्च ग्राम पंचायत उठायेगी या जिम्मेदार अधिकारी वहन करेंगे। ये बात अभी एक सवाल ही है। भीषण ठंड में परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित है, नौनिहालों को यात्रा के आयोजन को कुर्सी ढोने को लगाया है। ठंड में ठिठुरते ये नन्हे-मुन्हें कुर्सी ढोने में लगे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा से सत्ताधारी दल पुनः सत्ता पाने को जद्दोजहद में लगा है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में भीड़ जुटाने को नौनिहालों को हिस्सा बनाकर स्थानीय नेता वाहवाही लूटने में लगे हैं।


कुर्सी ढोने में लगे नौनिहाल।

## जूहा स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने शंकरदयाल सिंह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक मानिकपुर के चुनाव कम्पोजिट विद्यालय बगरेही मे पर्यवेक्षक नारायण पाण्डेय व चुनाव अधिकारी राघवेन्द्र तिवारी की मौजूदगी में हुए।

बुधवार को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक मानिकपुर में नामांकन पत्रों की जांच-वापसी बाद चुनाव हुए। अध्यक्ष पद पर शंकरदयाल सिहं राजपूत व मंत्री पद पर गौरव सिंह का चयन हुआ। चुनाव अधिकारी ने तय समय बाद दोनों को निर्विरोध घोषित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विजय कुमार पांडे, जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष विनय कुमार पाण्डेय, बद्री नरायण दीक्षित, सुनील कुमार पांडे, संजीव श्रीवास्तव प्रेमचन्द्र शिवहरे, ब्रम्हदीन मिश्रा, लवलेश मिश्रा, शिवभूषण त्रिपाठी, ऋषि पाण्डेय, सौरभ श्रीवास्तव, रामाशंकर यादव, राधेश्याम सिंह, जिला मंत्री नीलाभ गुप्ता, सुजित कुमार पाण्डेय, रजनीश, अशोक कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# विदेश मंत्री जयशंकर गुरुवार से नेपाल के दौरे पर, तीन नए ट्रांसमिशन लाइन का करेंगे शुभारंभ

**काठमांडू।** भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के उद्देश्य से 04 एवं 05 जनवरी को नेपाल के दौरे पर आएंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच तीन नए ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया जाएगा।

नेपाल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक में सहभागी होने के लिए भारतीय विदेश मंत्री 04 जनवरी को काठमांडू पहुंचेंगे। इस बैठक के बाद दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता किया जाएगा। इसके तहत भारत अगले 10 सालों में 10 हजार मेगावाट



बिजली की खरीद करेगा। इसके अलावा सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर भी दोनों विदेश मंत्रियों की बैठक में चर्चा होगी।

चार जनवरी को ही भारतीय विदेश मंत्री नवनिर्मित 132 केवीए के तीन प्रसारण लाइन का उद्घाटन करेंगे। इनमें बिहार से लगी रक्सौल-परवानीपुर, कुशहा-कटैया और उत्तर प्रदेश के नौतनवा-मैनहवां ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं। यह ट्रांसमिशन लाइन भारत के सहयोग से निर्मित हुआ है। इसी तरह भारत सरकार के सहयोग से काठमांडू स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय में निर्मित केंद्रीय पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया जाएगा।

# पाकिस्तान में आतंकियों के निशाने पर मौलाना असद महमूद, पुलिस ने चेताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पुलिस ने आशंका जताई है कि जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान के बेटे और पूर्व संघीय मंत्री मौलाना असद महमूद को आतंकवादी कभी भी निशाना बना सकते हैं। पुलिस ने उन्हें इसके सतर्क करते हुए आंदोलन और यात्रा के समय अधिक एहतियात बरतने की सलाह दी है।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, डेरा इस्माइल खान सदर सर्कल के उप विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) डीआई खान और सलीम खान के मुताबिक यात्रा के दौरान या उनके आवास पर आतंकवादी उन्हें निशाना बना सकते हैं।

इन परिस्थितियों में उन्हें अनावश्यक यात्रा और सभा में शामिल होने से बचने के साथ अपनी गतिविधियों को गुप्त रखने की सलाह दी गई है। इन



अधिकारियों ने कहा है कि मौलाना असद को अपनी सुरक्षा और कड़ी करनी चाहिए।

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल ने पुलिस की सलाह पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संगठन के प्रवक्ता असलम गोरी ने कहा है कि ऐसा लगता है कि पुलिस और जिला प्रशासन का मुख्य काम आतंकवादियों का सफाया करने के स्थान पर सलाह और नोटिस जारी करना रह गया है।

# जापान में रन-वे पर दो विमान टकराए, लगी आग, एक के सभी 379 यात्री सुरक्षित, दूसरे के चालक दल के पांच सदस्यों की मौत

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के हनेडा हवाई अड्डे के रन-वे पर मंगलवार को एक तटरक्षक विमान के साथ टक्कर के बाद जापान एयरलाइंस के यात्री विमान में आग लग गई। एयरलाइन ने कहा कि सभी 379 यात्रियों और चालकदल के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

जापान टाइम्स ने तटरक्षक बल के बयान के हवाले से जारी रिपोर्ट में कहा है कि उसके चालक दल के छह में पांच सदस्यों की मौत हो गई। बल इस बात की जांच कर रहा है कि उसका विमान यात्री विमान से टकराया है या नहीं। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि हादसे के बाद हनेडा हवाई अड्डे के सभी रन-वे बंद कर दिए गए।

जापान टाइम्स के अनुसार,



तटरक्षक विमान सोमवार को मध्य जापान में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप से प्रभावित क्षेत्र की मदद के लिए आपूर्ति ले जाने के मिशन पर था। हादसे के बाद दमकल की करीब 70 गाड़ियों को भेजा गया। शाम साढ़े छह बजे (स्थानीय समयानुसार) तक विमान लगभग पूरी तरह आग की लपटों में घिर चुका था। रिपोर्ट में जापान एयरलाइंस के हवाले से कहा गया है कि यात्री विमान या तो रन-वे पर दूसरे विमान से टकराया या टैक्सी-वे से टकरा गया। जापान का परिवहन मंत्रालय इसकी जांच कर रहा है।

# पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के शीर्ष नेताओं के नामांकन खारिज किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के लिए राहें कठिन होती जा रही हैं, क्योंकि चुनाव आयोग उन सभी के नामांकन पत्र खारिज करता जा रहा है।

ऐसे ताजा मामले में पीटीआई के प्रमुख और संस्थापक इमरान खान समेत पीटीआई के दर्जनों उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों ने खारिज कर दिए हैं। अस्वीकृत उम्मीदवारों में पीटीआई के लगभग सभी शीर्ष नेता शामिल हैं, जिसके कारण उन्हें अपने नामांकन की मंजूरी के लिए अदालत के समक्ष अपील दायर करनी पड़ी।

दूसरी ओर, जहां पीटीआई उम्मीदवारों के कागजात विभिन्न आधारों पर खारिज किए जा रहे हैं, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज




(पीएमएल-एन) के लिए जीत की राह आसान होती दिख रही है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन के संस्थापक मियां मुहम्मद नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को रिटर्निंग ऑफिसर ने मंजूरी दे दी है।

हालांकि, पीटीआई के एक वकील ने शरीफ के कागजात की मंजूरी को चुनौती दी है और चुनाव अधिनियम की धारा 63 के तहत आपत्ति जताई है।

किसी एक दल की स्वीकृति और उसके विपक्षी दल के नामांकन पत्र को अस्वीकार कर दिया जाना चुनावी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण चरण का प्रतीक है। अस्वीकृत उम्मीदवारों ने अब उच्च न्यायालय का रुख किया है, जिसने राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए कागजात की मंजूरी और अस्वीकृति के खिलाफ अपील स्वीकार करना शुरू कर दिया है।

ईसीपी के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि कई पीटीआई उम्मीदवारों ने रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा उनकी अस्वीकृति को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों वाले न्यायाधिकरणों में अपील दायर की है।

आंकड़ों के अनुसार, देशभर में जांचे गए कुल 25,951 नामांकन पत्रों में से कम से कम 3,000 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं, जिनमें से अधिकांश पीटीआई उम्मीदवारों के हैं।

ईसीपी के अनुसार, कुल 22,711 नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए, जबकि नेशनल असेंबली सीटों के लिए कम से कम 1,024 और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए 2,216 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए।

साथ ही, हाई-प्रोफाइल राजनीतिक हस्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही का चुनावी प्रक्रिया पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है।

इमरान खान भ्रष्टाचार और 9 मई 2023 को शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों के विभिन्न मामलों में सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने न केवल अपनी सरकार को अपदस्थ होते देखा है, बल्कि बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियों, नजरबंदी, कानूनी मामलों और के माध्यम से अपनी पार्टी की स्पष्ट सफाई और विघटन भी देखा है। दबाव के कारण कई शीर्ष नेताओं को अपनी राहें अलग करनी पड़ीं।

# जापान में भूकंप से अब तक 57 की मौत

**टोक्यो।** जापान में सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वाले की संख्या पल-पल बढ़ रही है। मृतकों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है। सबसे ज्यादा तबाही इशिकावा प्रांत में हुई है। सोमवार को इशिकावा प्रांत और आसपास आए भूकंप के करीब 100 झटकों में सर्वाधिक 7.6 तीव्रता का भूकंप भी शामिल है।

जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने 48 मौतों की पुष्टि की है लेकिन मरने वालों का आंकड़ा कहीं इससे अधिक है। तटवर्ती शहर कीचड़ में घिर गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों से आई सूचना के अनुसार भूकंप से अब तक कम से कम 57 लोगों की जान गई है। सरकारी प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में पानी, बिजली और मोबाइल फोन सेवा अभी भी बंद है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मंगलवार को कहा कि जापान की सेना ने बचाव प्रयासों में शामिल होने के लिए 1,000 सैनिकों को आपदा क्षेत्रों में भेजा है। सरकार नुकसान का आकलन कर रही है। मलबे में दबे लोगों को तलाश की जा रही है।

# बेरूत में हुए विस्फोट में हमास के शीर्ष अधिकारी सालेह अरौरी की मौत



**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी बेरूत के उपनगर में हुए एक विस्फोट में हमास के शीर्ष अधिकारी सालेह अरौरी की मौत हो गई है। इसकी पुष्टि लेबनान के हिजबुल्ला समूह के टेलीविजन स्टेशन ने की है।

हमास की सैन्य शाखा के संस्थापकों में से एक सालेह अरौरी ने वेस्ट बैंक में समूह का नेतृत्व किया था। सात अक्टूबर को हमास-इजराइल युद्ध शुरू होने से पहले ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अरौरी की जान लेने की धमकी दी थी। इस विस्फोट को लेकर इजराइली अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने कहा कि एक इजराइली ड्रोन द्वारा अंजाम दिए इसे विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई। लेबनान की राजधानी का दक्षिणी उपनगर मंगलवार शाम एक विस्फोट से दहल गया जिससे आतंकवादी समूह हिजबुल्ला के गढ़ में अफरा-तफरी मच गई। यह विस्फोट लेबनान की दक्षिणी सीमा पर इजराइली सैनिकों और हिजबुल्ला के सदस्यों के बीच दो महीने से अधिक समय से जारी भारी गोलीबारी के दौरान हुआ। इससे पहले दिन में हिजबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने लेबनान-इजराइल सीमा पर इजराइली सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर कई हमले किए।

# गाजा पट्टी के दो हिस्सों में बंटने की संभावना

**तेल अवीव।** हमास और इजरायल के बीच युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा पट्टी के दो हिस्सों में विभाजित होने की संभावना है, जबकि फिलिस्तीनी आदिवासी कबीला किसी एक राजनीतिक दल के बजाय दोनों हिस्सों का अलग-अलग प्रशासन करेगा।

रिपोर्टों से पता चलता है कि इजरायली सेना की योजना के अनुसार, जनजातियों को गाजा के नागरिक प्रशासन का काम सौंपा जा सकता है। वे अस्थायी अवधि के लिए मानवीय सहायता के वितरण की निगरानी भी करेंगे।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, योजना को आगे के समर्थन के लिए इजरायल युद्ध कैबिनेट में पेश किए जाने की संभावना है। हालांकि, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी जनजातियों के सर्वोच्च प्राधिकरण ने इजरायली सेना की प्रस्तावित योजना की निंदा की है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# ब्रिटेन में विदेशी छात्रों के आश्रितों के वीजा पर प्रतिबंध लागू

**लंदन।** ब्रिटेन में नए साल में विदेशी छात्रों के आश्रितों के वीजा पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। प्रतिबंध लागू होने के बाद इस महीने पाठ्यक्रम शुरू करने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्र अब अपने परिवार के सदस्यों को यहां नहीं ला पाएंगे।

विदेशी छात्रों के आश्रित की संख्या में लगभग आठ गुना वृद्धि के कारण ब्रिटेन सरकार ने पिछले साल मई में सरकारी योजनाओं के तहत "उच्च-मूल्य" डिग्री के लिए अध्ययन नहीं करने वालों पर प्रतिबंध की घोषणा की थी।

गृह कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि इन बदलावों के कारण लोगों को ब्रिटेन में काम करने के लिए पिछले दरवाजे के रूप में छात्र वीजा का उपयोग करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है और अनुमान है कि अब 140,000 कम लोग ब्रिटेन आएंगे।

गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने एक बयान में कहा, "कल, उस योजना का एक बड़ा हिस्सा प्रभाव में आया, जिससे विदेशी छात्रों द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को यूके लाने की अनुचित प्रथा समाप्त हो गई। इससे हजारों की संख्या में प्रवासन में तेजी से कमी आएगी और 300,000 लोगों को रोकने की हमारी समग्र रणनीति में योगदान होगा।"

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) का



अनुमान है कि जून 2022 से जून 2023 तक शुद्ध प्रवासन 672,000 था।

सितंबर 2023 को समाप्त वर्ष में आश्रितों को 152,980 वीजा जारी किए गए, जो सितंबर 2019 को समाप्त वर्ष में 14,839 से 930 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है।

छात्र आश्रित नियमों में बदलाव इस वर्ष लागू होने वाले उपायों के व्यापक पैकेज का हिस्सा हैं।

सरकार के अनुसार, यह ब्रिटेन में आने वाले प्रवासियों की उच्च संख्या को काफी हद तक कम करके स्थायी स्तर पर ला देगा और उन लोगों पर नकेल कसेगा जो ब्रिटेन की आव्रजन प्रणाली के लचीलेपन का फायदा उठाते हैं।

2020-21 के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए आने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के दूसरे सबसे बड़े समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं - चीन के 99,965 के बाद 87,045 प्रथम वर्ष नामांकन के साथ।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, 2022 में पढ़ाई के लिए यूके जाने वाले भारतीय छात्रों (आश्रितों को छोड़कर) की संख्या 1,39,539 थी।

शिक्षा विशेषज्ञों ने इस कदम पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को ब्रिटेन आने से हतोत्साहित किया जाएगा तो वे प्रतिस्पर्धी देशों में चले जाएंगे।

गृह कार्यालय ने कहा, "सरकार अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति के प्रति प्रतिबद्ध है, जो उन महत्वपूर्ण लाभों को मान्यता देती है जो अंतर्राष्ट्रीय छात्र ब्रिटेन में लाते हैं, जिसमें उनका आर्थिक योगदान भी शामिल है।"

"इसका मतलब यह सुनिश्चित करने के साथ प्रवासन के समग्र स्तर को कम करने की प्रतिबद्धता को संतुलित करना है कि यूके आने वाले लोग अत्यधिक कुशल हैं और हमारी अर्थव्यवस्था को सबसे अधिक लाभ प्रदान करते हैं।"

सरकार ने कहा कि वह विश?वविद्यालयों के साथ वैकल्पिक दृष्टिकोण तैयार करने के लिए काम करेगी, ताकि ब्रिटेन में प्रतिभाशाली और सर्वश्रेष्ठ लोगों को आकर्षित करना जारी रखा जा सके।

# बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के मद्देनजर सशस्त्र बल तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश में 7 जनवरी को होने जा रहे संसदीय चुनाव के मद्देनजर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आज सुबह देशभर में सशस्त्र बलों को तैनात कर दिया गया। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) निदेशालय के हवाले से कहा है कि सशस्त्र बल बुधवार से 10 जनवरी तक तैनात रहेंगे। आज सुबह सेना की एक टुकड़ी ने ढाका के बनानी इलाके में गश्त किया। बांग्लादेश सेना के जवानों को 62 जिलों और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों को 45 उप जिला क्षेत्रों में सुरक्षा संभालने का जिम्मा दिया गया है। बांग्लादेश नौसेना के जवान भोला और बरगुना सहित 19 तटीय उप जिलों में



निगरानी करेंगे। बांग्लादेश वायु सेना पहाड़ी, दूरदराज इलाकों में मतदान केंद्रों पर हेलीकॉप्टर सहायता प्रदान करेगी।